कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 345, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    शनिवार 13 जनवरी 2024    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'विकसित भारत की तस्वीर है अटल सेतु'

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई में अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मुंबई में अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु को भारत की ढांचागत शक्ति का उदाहरण बताया और कहा कि यह विकसित भारत की तस्वीर है। यह एक झलक है कि विकसित भारत कैसा होगा। प्रधानमंत्री ने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक को पूरा करने के प्रयासों के लिए जापान के दिवंगत प्रधानमंत्री शिंजो आबे के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं जापान सरकार को धन्यवाद देता हूं और दिवंगत शिंजो आबे को याद करता हूं। हम दोनों ने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक परियोजना को पूरा करने की कसम खाई थी। उल्लेखनीय है कि लगभग 17,840 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा और 6-लेन वाला है जो 16.5 किमी लंबा समुद्र के ऊपर और लगभग 5.5 किमी जमीन पर बना है। यह भारत का सबसे लंबा पुल है, जो देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने नवी मुंबई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश ने अपने सपनों को हकीकत में बदलते देखा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन मुंबई और महाराष्ट्र के साथ-साथ ह्यविकसित भारतह्व के संकल्प के लिए भी एक ऐतिहासिक दिन है। आज देश को दुनिया के सबसे लंबे समुद्री पुलों में से एक अटल सेतु मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में 24 दिसंबर को इस सेतु का शिलान्यास किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को उस सिस्टम से कोई उम्मीद नहीं थी, जिसमें काम को सालों तक लटकाने की आदत थी। लोगों को लगता था कि उनके जीवित रहते बड़ी परियोजनाओं का पूरा होना मुश्किल है। इसलिए मैंने भरोसा दिलाया था कि देश बदलेगा। यह उस समय ह्यमोदी गारंटीह्व थी। उन्होंने आगे कहा कि हमारे लिए शिलान्यास, भूमिपूजन, उद्घाटन, लोकार्पण सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम भर नहीं होता और ना ही मीडिया में आने के लिए और जनता को रिझाने के लिए होता है।



### देश के सबसे लंबे पुल की खासियत

**अटल ब्रिज** देश का सबसे लंबा समुद्री ब्रिज होगा, जिसकी लंबाई 21.8 किलोमीटर होगी। इस पुल का 16.5 किलोमीटर हिस्सा समुद्र के ऊपर और 5.5 किलोमीटर हिस्सा जमीन के ऊपर बना हुआ है। ये 6 लेन वाला रोड ब्रिज है। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को आपस में जोड़ेगा, जिससे दो घंटे के सफर को लगभग 15 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। पुणे, गोवा और दक्षिण भारत का सफर भी कम समय में पूरा हो सकेगा। इस पुल को बनाते हुए सुरक्षा को भी मद्देनजर लिया गया है। जिसके बाद इस पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले 190 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

### हर प्रोजेक्ट देश के नवनिर्माण का माध्यम: पीएम

**मोदी** ने कहा, अटल सेतु, विकसित भारत की तस्वीर है। विकसित भारत कैसा होने वाला है, उसकी एक झलक है। विकसित भारत में सबके लिए सुविधा होगी, सबकी समृद्धि होगी, गति होगी, प्रगति होगी, दूरियां सिमटेंगी और देश का कोना-कोना जुड़ेगा। जीवन हो या आजीविका, सब कुछ निरंतर, बिना रुकावट के चलेगा। यही तो अटल सेतु का संदेश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले हजारों करोड़ के महाघोटालों की चर्चा होती थी और आज हजारों करोड़ रुपये के मेगा प्रोजेक्ट के पूरा होने की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना हो, आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा हो, जन धन खाते हों, पीएम आवास के पक्के घर हों, घरों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम हो, गर्भवती महिलाओं के बैंक खाते में 6 हजार रुपये भेजना हो, नौकरी करने वाली महिलाओं को वेतन के साथ 26 हफ्ते की छुट्टी देना हो, सुकन्या समृद्धि खातों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ब्याज देना हो, हमारी सरकार ने महिलाओं का खास ध्यान रखा है।



### बाल्टी और पोछा लेकर निकल पड़े पीएम मोदी



**नई दिल्ली**

महाराष्ट्र दौरे पर गए पीएम मोदी ने आज कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम ने सबसे पहले नासिक में रोड शो निकालने के बाद कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद पीएम ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया।

**कालाराम मंदिर किया साफ**

पीएम की इस बीच एक फोटो काफी चर्चा का विषय बनी। दरअसल, पीएम मोदी जब नासिक के कालाराम मंदिर गए तो वो भगवान के दर्शन करने के बाद वो बाल्टी और पोछा लेकर निकल पड़े। पीएम खुद मंदिर में पोछा लगाते दिखे।

**राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले करें सफाई**

पीएम मोदी ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद लोगों से अपील की कि वो राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले विभिन्न मंदिरों में सफाई अभियान चलाएं। पीएम ने कहा कि मंदिरों की सफाई के साथ स्वच्छता का ध्यान हर जगह रखें।

पीएम ने इसी के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू किया। पंचवटी स्थित कालाराम मंदिर से पीएम ने ये अनुष्ठान शुरू किया।

### धर्म के नाम पर गुमराह कर राजनीति कर रही भाजपा : चंद्रशेखर रावण

**इटावा**

भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद 'रावण' ने शुक्रवार को जनपद इटावा पहुंचे। यहां पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी पर जमकर हमला बोला। रावण ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बसपा प्रमुख मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद लोगों से जुड़ने के लिए नम्बर जारी करने की बजाय उन लोगों के लिए भी नंबर जारी कर देते जो लोग लम्बे समय बसपा को वोट देते आए हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा साम, दाम, दण्ड और भेद की राजनीति कर रही है। धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। 'आईएनडीआईए' गठबंधन पर बोलते हुए रावण ने कहा कि अगर यह गठबंधन छह महीने पहले हो गया होता और जमीन पर काम कर लिया जाता तो आज परिणाम और उत्तम हो सकते थे। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यकर्म पर निशाना साधते हुए रावण ने कहा कि 22 जनवरी को भाजपा का कार्यक्रम है। धर्म किसी जाति विशेष का नहीं होता। भाजपा को धर्म से ऊपर उठकर बात करनी चाहिए। मुझे राम मंदिर का न्यौता नहीं मिला।

### हाइकोर्ट ने फर्जी दस्तावेजों पर शिक्षक की नियुक्ति रद्द करने को सही ठहराया

**प्रयागराज**

इलाहाबाद हाइकोर्ट ने प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक की फर्जी दस्तावेजों पर आधारित नियुक्ति को रद्द करने के आदेश को बरकरार रखा है और इसके खिलाफ दाखिल याचिका खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याची जैसा व्यक्ति, जिसने जाली शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर शिक्षक के रूप में नियुक्ति हासिल की है, किसी भी सहानुभूति का हकदार नहीं हो सकता है। उसके साथ सख्ती से निपटने की आवश्यकता है। यह आदेश जस्टिस सौरभ श्याम शमशेरी ने देवरिया के शिव कुमार मिश्र की याचिका को खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यह अच्छी तरह से पता है कि धोखाधड़ी सभी गम्भीर कार्यों को खराब कर देती है।

### पुंछ में आतंकी हमला, एक बार फिर सेना के वाहन को बनाया निशाना, कई राउंड फायरिंग

**पुंछ**

जम्मू संभाग के पूंछ में शुक्रवार को आतंकियों ने एक बार फिर सेना के वाहन को निशाना बनाकर हमला बोला है। दहशतगर्दों की इस नापाक हरकत पर भारतीय जवानों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए फायरिंग की, हालांकि सभी आतंकी फिलहाल भागने में कामयाब रहे। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेरबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है।

**जंगलों में तलाशी अभियान शुरू**

सैन्य वाहन पर हमले के बाद कृष्णा घाटी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई एक तरफ जहां सुरक्षा बलों की तरफ से घटना स्थल के आस पास के जंगलों में तलाशी अभियान शुरू कर दिए गए हैं। वहीं कृष्णा घाटी की तरफ आने वाली मुख्य सड़क सहित सभी सड़कों पर पुलिस सेना और एसओजी की तरफ से नाकेबंदी कर-के हर आने जाने वाले वाहन की बारीकी से जांच की जा रही है। वाहनों में सवार लोगों के पहचान पत्रों की जांच की जा रही है।




**21 दिसंबर को भी बनाया था सेना के वाहनों को निशाना**

इससे पहले पिछले साल 21 दिसंबर को आतंकियों ने पुंछ के बफलियाज इलाके में सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया था। जिसमें सेना के पांच जवानों को वीर गति प्राप्त हुई थी। वहीं दो घायल हुए थे।

### गांव-गांव में तैयार हो रहा स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर: सीएम योगी

**गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेल महाकुंभ के आयोजनों से देश में खेलों का बेहतरीन माहौल बना है। इसी माहौल को और शानदार बनाने के लिए उत्तर प्रदेश गांव-गांव में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है। खिलाड़ियों को सभी संसाधन और सुविधा देने के साथ खेल की उनकी उपलब्धियों को भारी पुरस्कार राशि और सरकारी नौकरियों से जोड़ रही है।



सीएम योगी शुक्रवार दोपहर बाद जंगल कौड़िया स्थित महंत अवेद्यनाथ स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल एवं लोक कला महाकुंभ के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबाल, एथलेटिक्स और कुश्ती के विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में करीब सात साल पहले तक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। पर, आज हर गांव में खेल के मैदान व ओपन जिम बन रहे हैं। हर गांव में खेलों को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो रही है।

गांवों में 80 हजार युवक मंगल दलों व महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट वितरित किए जा चुके हैं। गांवों में पंचायत सचिवालयों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़कर युवाओं को सभी सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो बातें कल्पना से दूर थीं आज वह हकीकत हैं।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा: पीएम मोदी का 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान



**नई दिल्ली**

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक तरफ जहां राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार से इस वृहत धार्मिक अनुष्ठान के अनुकूल खुद को तैयार करना शुरू कर दिया। वर्षों-दशकों से जितका इंतजार था वह पल 22 जनवरी को आएगा और मुख्य यजमान प्रधानमंत्री मोदी ही होंगे। लिहाजा शुक्रवार की सुबह से पीएम मोदी का 11 दिवसीय यम अनुष्ठान शुरू हो गया। उन्होंने खुद पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी साझा की और अपने मन में उमड़ घुमड़ रहे भावों को भी सार्वजनिक किया। पीढ़ियों के इस संकल्प की सिद्धि से 140 करोड़ देशवासियों को जोड़ते हुए बोले- 'मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनने का अवसर मिल रहा है। ये मेरे लिए कल्पनातीत अनुभूतियों का समय है। मैं भावुक हूं, भाव-विह्वल हूं! मैं पहली बार जीवन में इस तरह के मनोभाव से गुजर रहा हूं।'

**शास्त्रों में प्राण-प्रतिष्ठा एक विशद एवं वृहद प्रक्रिया**

शास्त्रों में देव प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा एक विशद एवं वृहद प्रक्रिया है। इसके लिए विस्तृत नियम बताए गए हैं, जिनका प्राण-प्रतिष्ठा के कई दिन पहले से पालन करना होता है। एक रामभक्त के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तय किया है कि अपनी तमाम व्यस्तताओं और जिम्मेदारियों के बावजूद वह प्राण-प्रतिष्ठा के दिन और उसके पूर्व के सभी नियमों और तपश्चर्याओं का उतनी ही दृढ़ता से पालन करेंगे, जैसा कि शास्त्रों में निर्देश दिया गया है।

### स्पाइसजेट की 21 जनवरी को दिल्ली से अयोध्या के लिए विशेष उड़ान

**नई दिल्ली**

बजट विमानन कंपनी स्पाइसजेट अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए 21 जनवरी को राजधानी दिल्ली से अयोध्या के बीच एक विशेष उड़ान संचालित करेगी। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी की जाएगी। कंपनी ने शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि स्पाइसजेट 21 जनवरी को दिल्ली से अयोध्या के लिए एक विशेष उड़ान का संचालन करेगी, जो 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लेने वाले यात्रियों को सेवा देगी। साथ ही एयरलाइन अयोध्या से दिल्ली के लिए वापसी उड़ान का संचालन करेगी ताकि श्रद्धालुओं के लिए निर्बाध यात्रा का अनुभव मिले।




### प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए: कर्ण

**नई दिल्ली**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता कर्ण सिंह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि अयोध्या में श्रीराम के ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए सुंदर निमंत्रण मिला है, यह समारोह दुनिया भर में लगभग एक अरब हिंदुओं द्वारा मनाया जाएगा लेकिन वह स्वास्थ्य के कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पाएंगे। इसके साथ ही कर्ण सिंह ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के अयोध्या फैसले के बाद 22 जनवरी को राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए। कर्ण सिंह ने कहा कि एक रघुवंशी के रूप में मंदिर निर्माण के लिए 11 लाख रुपये का मामूली व्यक्तिगत दान दिया है। शामिल होना बहुत खुशी की बात होगी लेकिन अफसोस की बात है कि 93 साल की उम्र आना संभव नहीं होगा।

## राम मंदिर का निर्माण नियति ने किया तय: लालकृष्ण आडवाणी

**नई दिल्ली**

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने 'राष्ट्र धर्म' पत्रिका के अगले हफ्ते प्रकाशित होने जा रहे संस्करण में एक लेख लिखा है, इसमें उन्होंने कहा है कि नियति ने तय किया था कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनाया जाएगा और उसने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमित्त बनाया।

**राम मंदिर निर्माण पर लाल कृष्ण आडवाणी का लेख**

'राम मंदिर निर्माण, एक दिव्य स्वप्न की पूर्ति' शीर्षक से लेख में 96 वर्षीय आडवाणी ने राम मंदिर निर्माण के लिए 33 वर्ष पहले निकाली गई 'रथ यात्रा' का जिक्र किया और कहा कि उनका मानना है कि उनकी राजनीतिक यात्रा में अयोध्या आंदोलन सबसे निर्णायक एवं परिवर्तनकारी घटना थी, जिसने उन्हें भारत को फिर से खोजने और इस प्रक्रिया में खुद को फिर से समझने का मौका दिया।



**आडवाणी ने अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद**

राम मंदिर आंदोलन में सबसे आगे रहे भाजपा के इस दिग्गज नेता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि वह अयोध्या में राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले उनकी अनुपस्थिति महसूस कर रहे हैं। लाल कृष्ण आडवाणी ने लिखा है, 25 सितंबर, 1990 की सुबह जब हमने रथ यात्रा शुरू की थी, तब हमें नहीं पता था कि भगवान राम के प्रति जिस आस्था के साथ हम यह यात्रा शुरू कर रहे हैं, वह देश में एक आंदोलन का रूप ले लेगी।

**राष्ट्र धर्म पत्रिका में 16 जनवरी को प्रकाशित होगा लेख**

76 वर्ष पुरानी हिंदी पत्रिका 'राष्ट्र धर्म' के 16 जनवरी को विशेष संस्करण में प्रकाशित होने वाले लेख में आडवाणी ने उल्लेख किया है कि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरी रथ यात्रा के दौरान उनके साथ थे। तब वह बहुत प्रसिद्ध नहीं थे, लेकिन उसी समय भगवान राम ने अपने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए अपने भक्त (मोदी) को चुन लिया था।

उस समय मुझे लगा कि नियति ने तय कर लिया है कि एक दिन अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर जरूर बनेगा। उन्होंने आगे कहा, 'खैर, अब यह केवल कुछ समय की बात है।

**पीएम मोदी को लेकर क्या बोले आडवाणी?**

आडवाणी ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंदिर में (भगवान राम की मूर्ति का) अभिषेक करेंगे तो वह भारत के प्रत्येक नागरिक का प्रतिनिधित्व करेंगे। मैं प्रार्थना करता हूं कि यह मंदिर सभी भारतीयों को श्रीराम के गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा के दौरान कई अनुभव हुए जिन्होंने मेरे जीवन को प्रभावित किया। दूर-दराज के गांवों से लोग रथ को देखने के बाद भावना से अभिभूत होकर मेरे पास आते थे। वे प्रणाम करते थे और भगवान राम का उद्घोष कर चले जाते थे। यह एक संदेश था कि कई लोगों ने राम मंदिर का सपना देखा था.. 22 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ उन ग्रामीणों की दबी हुई इच्छाएं भी पूरी हो जाएंगी।

# स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई

## निष्ठापूर्वक चरित्र बल को सुदृढ़ बनाएं : डा मीनाक्षी



अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज (भदोही)।** नगर के स्टेशन रोड स्थित संत विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वामी जी की 161वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भजन, गीत और नाटक नृत्य सहित विभिन्न संस्कृत कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और स्वामी जी के जीवन परिचय, उनके आदर्शों तथा सिद्धान्तों पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में अपने वक्तव्य दिये। समारोह का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर मीनाक्षी कात्यायन ने विद्यालय परिवार के छात्र और छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के किसी भी एक अच्छा एक हो अपने दैनिक जीवन में उतार ले तो यह मानव शरीर धन्य हो जाएगा। कहा कि हम उस एक ईश्वर में विश्वास करते हैं, जो हम सभी का पिता है, और जो सर्वव्यापी है, सर्वशक्तिमान है। जो अपनी संतान की रक्षा और पथ-प्रदर्शन असीम प्रेम से किया करता है। ऐसे महान विभूति स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर संकल्प लें कि हम भारत के एक अच्छे नागरिक बनकर राष्ट्र की सेवा में लगेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी चरित्रवान बनने के लिए, बहुत जोर देते थे, वे अक्सर अपने प्रवचनों में कहते थे कि चरित्र आदमी का अनमोल धन है। इसकी हर प्रकार से रक्षा करनी चाहिए। मनोज मिश्र ने कहा कि आज मोबाइल आदि के माध्यम से बालक-बालिकाओं के कोमल मस्तिष्क में गन्दे विचारों के सुसंस्कारों का परिणाम यह हो रहा है कि छोटी सी आयु में बच्चे गलत संस्कारों में पड़ करके अपने स्वास्थ्य एवं चरित्र दोनों को नष्ट करते हुए राष्ट्र को कमजोर बना रहे हैं, इस पर चिन्तन करना होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय त्रिपाठी ने कहा कि इस भयावह स्थिति को गम्भीरता से समझे और आगे की पीढ़ी को स्वस्थ एवं चरित्रवान बनाने की दिशा में प्रयासरत रहें। स्वाधीन भारत के निवासियों को आज स्वामी विवेकानन्द जी के 161वें जन्म दिवस के अवसर पर संकल्प लेना है कि अपनी भारत भूमि एवं भारतीयता के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए सर्वदा तैयार रहना है।समारोह के अन्त में गायत्री परिवार के पंडित राधेश्याम उपाध्याय ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए विद्यालय के शिक्षकों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने संस्कारों से युक्त कार्यक्रम की संरचना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ज्ञानेश्वर अग्रवाल, आद्याप्रसाद तिवारी, माबूद खान, सर्वेश शुक्ला, गगन गुप्ता, वीरेंद्र पांडे, कृष्ण कुमार खटाई, रविप्रकाश पांडे आदि नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सहायक पुलिस आयुक्त मेजा ने कोरांव थाने पर की पीस कमेटी की बैठक

**कोरांव।** थाना पुलिस कोरांव में शुक्रवार को पीस कमेटी को अंजाम देते हुए नागरिकों से सभी पर्व एवम कार्यक्रम शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। उक्त बैठक मकर संक्रांति,गणतंत्र दिवस तथा 22 जनवरी को प्रस्तावित अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के मद्दे नजर ए सी पी मेजा रवि गुप्ता पीपीएस ने क्षेत्र में शांति पूर्ण ढंग से मनाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। उन्होंने लोगों की बैठक में सहमति पर नगर पंचायत कोरांव में लगने वाले जाम की समस्या निदान किए जाने की एसडीएम और नगर पंचायत प्रशासन से वार्ता करने की बात कही। विभिन्न इलाकों से आए हुए ग्राम प्रधान बंधु, पत्रकार बंधु तथा पुलिस थाना क्षेत्र के सभी सब इंस्पेक्टर्स और थाना अध्यक्ष कोरांव विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे। एसीपी ने सभी पहलूओं पर लोगों से विचार लिए और अपने उदगार ब्यक्त किए।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित किया गया गंगा सरंक्षण पर फील्ड विजिट कार्यक्रम





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति प्रयागराज और नेहरु युवा केन्द्र द्वारा युवाओं में गंगा संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु गंगा टास्क फोर्स के परियोजना क्षेत्र का शैक्षिक फील्ड विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लेफ्टेनंट कर्नल सौरभ , जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे , जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह उपस्थित रहे ।फील्ड विजिट में नेहरू युवा केंद्र एवम एनएसएस के युवाओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। टास्क फोर्स टीम ने आज अपने कार्यप्रणाली के बारे में साझा किया और बताया की टास्क फोर्स छात्रों, युवाओं और आम जनता में गंगा स्वच्छता के प्रति जागरुकता भी पैदा करते है। गंगा सुरक्षा में लगाई जाने वाली टास्क फोर्स शहर और इसके आसपास गंगा में गिर रहे नाले को जैविक उपचार से साफ करते हैं और किस तरह से नाले को तत्काल प्रभाव से गंगा में जाने से रोका जा सकता है। टास्क फोर्स जिन क्षेत्रों में नाले गंगा में गिरते हैं, उसके आसपास लगे पौधे के बारे में बातया । ये पौधे नालों के जरिये गंगा में जाने वाले प्रदूषण को सोख लेते हैं। सीड बाल को निर्मित व उपयोग करने का तरीका साझा किया। जल के और मापने के साथ जल शुद्धिकरण के अनेक तरीके बताया। नर्सरी में उनके उगाए विभिन्न प्रकार के आयुर्वेदिक औषधीय की पौधों व बीज की जनकारी दी। जैव विविधता व उनके द्वारा किये जा रहे कछुआ के उद्धार व देखभाल बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में गंगा टास्क फोर्स के जेसीओ रणवीर सिंह रौतेला ,रायफल मैन दिनेश प्रसाद नायक विजय बहादुर का खास योगदान रहा ।गंगा टास्क फोर्स को अपने कार्यप्रणाली के बारे में साइट पर विस्तार रूप से बताने का अवसर देने के लिए जिला युवा अधिकारी व जिला परियोजना अधिकारी ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापन किया।

## अनियंत्रित स्कार्पियो ने साइकिल सवार किशोरी को मारी टक्कर दर्दनाक मौत

**मेजा।** अनियंत्रित स्कार्पियो की टक्कर से साइकिल सवार किशोरी की मौके पर ही मौत होने की सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस ने जहां शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं घटना के बाद स्कार्पियो चालक भागने में सफल रहा। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के ममोली गांव के समीप गुरुवार की शाम कोहड़ार बाजार की तरफ जा रही अनियंत्रित स्कार्पियो गाड़ी चालक ने सामने से आ रही साइकिल सवार किशोरी रीता पटेल (17) पुत्री रामसजीवन पटेल को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे किशोरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घर के पास हुई दुर्घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर कोहड़ार पुलिस चौकी प्रभारी अतुल कुमार सिंह मय पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों की मानें तो आक्रोशित परिजन कोहड़ार बाजार में चक्काजाम करने की तैयारी में हैं। चौकी प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अनियंत्रित स्कार्पियो गाड़ी की टक्कर से दुर्घटना होने की सूचनामिली किन्तु पुलिस के पहुंचने के पूर्व वाहन चालक मौके से भाग गया था। शव को पोस्टमार्टमके लिए भेज दिया गया है।

## विकास की योजनाओं में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : पियूष रंजन



**करछना** विकास खंड करछना के सभागार में शुक्रवार को आयोजित छमाही क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में कार्यों का एजेंडा एवं प्रस्ताव पर गंभीरता से चर्चा के दौरान विधायक करछना पियूष रंजन निषाद बतौर मुख्य अतिथि ने अधिकारियों को चेताया कि विकास योजनाओं की धरातल पर उतारने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सरकार की योजनाओं में कोताही बरतने पर उनके खिलाफ शिकायत के आधार पर करवाई की जाएगी इसी क्रम में उन्होंने क्षेत्र में बाधित खेल मैदान अंत्येष्टि स्थल सड़क मार्ग नाली जिस पर राजस्व टीम द्वारा प्रधानों का सहयोग न करने पर लेखपालों कानून को व अन्य अधिकारियों पर जवाब दे ही सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश तय किए साथ ही ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सरोज द्विवेदी / प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों व क्षेत्र में संचालित परियोजनाओं में भरपूर सहयोग देने के लिए सभी का सहयोग एवं आभार व्यक्त किया इस मौके पर जिला पंचायत कुलदीप त्रिपाठी पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख रामतौल सिंह ,खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिवेणी प्रसाद पांडे, प्रधान उपाध्यक्ष सुरेश पांडे ,अवतार किशन सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष ,महामंत्री धीतेश तिवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ केबी सिंह कुशवाहा आदि बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान व ब्लॉक कर्मी गणमान्य लोग क्षेत्र पंचायत सदस्य की छमाही बैठक में भागीदारी सुनिश्चित की।

## नौ दिन सुनिए राम कथा के उपरांत विशाल भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**सहसों।** सहसों बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर के बगल श्री रामचरितमानस सम्मेलन समिति सहसों के तत्वाधान में नौ दिन सुनिए श्री राम कथा के समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में पहुंचीं फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने प्रसाद ग्रहण कर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा सबके राम सबमें राम प्रभु का प्रसाद अमृत समान। प्रभु राम के लिए आज पूरा देश उत्सव मना रहा है। उन्होंने राम भक्तों से अपील किया कि आगामी 22 जनवरी को अपने घर को अयोध्या मानकर प्रभु श्री राम के मंदिर में दीपोत्सव मनाए तथा प्रभु राम की पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन जरूर करें। उन्होंने ऐसे धार्मिक अनुष्ठान एवं राम कथा के आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष व आयोजक एवं जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी की सराहना करते हुए प्रशंसा किया। इस धार्मिक कार्य एवं आयोजित भंडारे में तन मन से लगे सभी सहयोगियों एवं कार्यकताओं का सांसद ने सराहना करते हुए अति प्रशंसा की। इस विशाल भंडारे में भारी संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर भगवान का प्रसाद ग्रहण कर कृतार्थ हुए। सफल भंडारे के दौरान सहयोगियों एवं कार्यकताओं ने समिति के अध्यक्ष एवं आयोजक आशीष केसरवानी को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर व्यवस्था में लगे सत्यम केसरवानी, सूर्यकांत त्रिपाठी, जय कृष्ण सोनी, बबलू केसरवानी, नितिन तिवारी, अमन केसरवानी, उमेश केसरवानी, इंजीनियर मनोज कुमार प्रजापति, ब्रिटिश केसरवानी, जयेश केसरवानी, अजय केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी एवं मनोज तिवारी, राजा केसरवानी सहित भारी संख्या में भक्त सहयोग एवं प्रसाद ग्रहण करते उपस्थित रहे।

# युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**करछना** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय खाई करछना में युवा दिवस के रूप स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई शुक्रवार को विद्यालय में प्रधानाचार्य श्री मत्स्येन्द्र नाथ त्रिपाठी ने अतिथियों ,शिक्षकों एवं छात्रों के साथ स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की छात्रों के मध्य पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें कक्षा 10 के छात्र हर्ष, अनिकेत, नितिन, दीपू , अरुण ,अर्जुन तथा कक्षा 12 के छात्र ओम शंकर ने सराहनीय प्रदर्शन किया, प्रधानाचार्य द्वारा युवा अतिथियो श्री आलोक और श्री सत्यम को स्वामी विवेकानंद से संबंधित साहित्य भेंट किए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री संदीप ने विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनके जीवन दर्शन को समझाया पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कला शिक्षिका श्रीमती प्रज्ञानिधि के नेतृत्व में हुआ जिसमें श्रीमती अंशु जैसवाल, श्रीमती शिल्पा और श्री पंकज ने सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम का संचालन श्री धर्मेन्द्र जी बड़े ही ओजपूर्ण भाव से किया साथ ही साथ विवेकानंद जी से जुड़े संस्मरण भी सुनाये तथा आभार ज्ञापन वरिष्ठ प्रवक्ता श्री अबू मोहम्मद शीश ने किया इस अवसर पर श्री जितेन्द्र, अनुराग, अखिलेश, शिवेन्द्र, अवधेश, प्रदीप आदि समस्त शिक्षक कर्मचारी व छात्र उपस्थित थे

## संकल्प विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम खजुरी में संपन्न





**प्रतापपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती पर शिव इंटर मीडिएट कालेज कटहरा में पुष्पार्चन करके युवा दिवस मनाया।161 वीं जयंती पर स्वामी विवेकानंद, अभाविप ने कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक गंगापार प्रेमसागर ने कहा कि विवेकानंद के सपनों का भारत बनाने हेतु आज के युवाओं को आगे आना होगा, तभी भारत को उसके गौरव तक पहुंचाया जा सकेगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला समरसता प्रमुख योगेश ने कहा कि विवेकानंद ने भारतीय अध्यात्म व संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया, हमें उन्हें पढ़ना चाहिए, उन्हें जानना चाहिए। सेवार्थ विद्यार्थी प्रांत सह संयोजक व विभाग संयोजक शिव कुमार तिवारी तेजस्वी ने उपस्थित सभी अतिथियों का एवं शिक्षक व छात्र छात्राओं का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन तहसील संयोजक नवीन केशरी ने किया।इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेक मिश्रा, संघ के नगर विस्तारक आजाद, नगर कार्यवाह दीपक, धनूपुर नगर मंत्री पवन रावत, ऋषव मिश्रा, शिवम जायसवाल, अमित पाठक, शुभम जायसवाल, प्रमोद सिंह आदि कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न






**सिरसा।** प्रयागराज मेजा विधान सभा क्षेत्र कनक गेस्ट हाउस भरतगंज में भाजपा युवा मोर्चा मण्डल की बैठक किया गया। कार्यसमिति बैठक की विधिवत शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा पुष्प अर्पित करने के उपरांत हुई। जिसमें मुख्य अतिथि ओम प्रकाश विश्वकर्मा (मण्डल प्रभारी) ने कहा कि युवा मोर्चा का कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीड़ की हड्डी हैं। जिस तरह किसी भी देश का भविष्य उसका युवा होता हैं। उसी प्रकार युवा मोर्चा भाजपा का भविष्य हैं। बेशर्ते कार्यकताओं को बिना प्रलोभन के कठोर परिश्रम करना चाहिए। मण्डल प्रभारी ओम प्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्यानी योजनाओं को जमीन पर पहुचाने के लिए हर जगह समान विचारधारा के लोगो की सक्रियता प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से आवश्यक हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के जितने भी गुणगान किया जाय वह कम है। उनके द्वारा किये गये कार्य की सराहना सभी वर्ग के लोग कर रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता मिथलेश कुमार मौर्य (मण्डल अध्यक्ष) नवयुक्त मांडा मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सह संयोजक मांडवी सरण द्विवेदी, जिला महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य,श्रीकांत शुक्ला मण्डल महामंत्री, संदीप दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल शर्मा उपाध्यक्ष, नीतू सिंह, रामबली कुशवाहा, अवधेश केशरी, भगवान दास कुशवाहा, अंकित केशरी, रविशेखर विश्वकर्मा,आदि रहे।

## संगठित की शक्ति से ही समाज व राष्ट्र का होता है विकास

**सहसों।** अखिल भारतीय महाराणा प्रताप सेवा संस्थान की एक बैठक थानापुर में ठाकुर तीरथ राज सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संगठन द्वारा विकास खण्ड सहसों के पदाधिकारियों का गठन किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि संगठित संगठन सामाजिक समरसता के लिए महत्वपूर्ण है। तथा संगठित सनातन समाज के द्वारा ही आज अयोध्या में प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर व प्राण प्रतिष्ठा का संकल्प पूर्ण हो रहा है। बैठक में मौजूद जिला अध्यक्ष कृष्ण बहादुर सिंह ने कहा संगठन की शक्ति से ही समाज व राष्ट्र का विकास उत्तरोत्तर संभव है। इस अवसर पर सहसों ब्लॉक के गठन में ताप बहादुर सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष, एपी सिंह व नन्हे सिंह को उपाध्यक्ष, राकेश सिंह प्रवक्ता, अरविंद सिंह को अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ , बजरंग बहादुर को किसान मोर्चा, प्रदीप कुमार सिंह को शिक्षक प्रकोष्ठ, रवि सिंह को युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में प्रमुख रूप से संजय सिंह, सत्यम सिंह, शेर बहादुर सिंह, विजय सिंह, चंद्रभान सिंह, राजवंत सिंह,आदि रहे।



# भदोही सांसद डॉ. रमेश चन्द बिन्द के माता का निधन

### मिजार्पुर के शिवपुर घाट पर किया गया अन्तिम संस्कार

**उतरांव।** लोकसभा भदोही के सांसद डॉ. रमेश चन्द के माता का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है बताते चले कि भारतीय जनता पार्टी भदोही सांसद डॉ. रमेश चन्द बिन्द के माता छाबिया देवी उम्र लगभग 80 वर्ष जो पिछले कई माह से अस्वास्थ्य चल रहीं थी जिनका इलाज मिजार्पुर के हॉस्पिटल मे चल रहा था। लेकिन शुक्रवार को सुबह लगभग 9 बजे अन्तिम सांस ली। वही निधन का समाचार सुनकर लोकसभा भदोही के ज्ञानपुर, औराई, भदोही, हंडिया व विधानसभा प्रतापपुर के सैदाबाद ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य अशोक केसरवानी, भाजपा नेता राकेश पाल, ग्राम प्रधान फलराज, ईश्वर चन्द बिन्द, दिनेश कुमार, दीपक कुमार, हीरालाल, शेषमणि,आदि ग्रामप्रधान , भाजपा कार्यकर्त्ता पदाधिकारी, समाजसेवी लोग शिवपुर घाट मिजार्पुर पहुँचे उपस्थित सभी लोगो ने शोकाकुल परिवार का ढाढ़स बधाया।

## न्यूज झरोखा

### हाई कोर्ट के आदेश पर, मांडा नहवाई में गरजा बुलडोजर, दर्जनों घर धराशाई



**मांडा।** नहवाई गांव के तालाब पर दशकों पूर्व बने डेढ़ दर्जन मकानों, शौचालयों, गोशालों आदि को अवैध बताते हुए नहवाई गांव निवासी गुलाब चन्द तिवारी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने गुरुवार को बुलडोजर से दर्जनों निर्माण धराशायी कर दिया। इस दौरान अफरातफरी मची रही। मांडा क्षेत्र के नहवाई गांव निवासी गुलाब चंद तिवारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल किया था। याचिका में बताया कि नहवाई ग्राम पंचायत के एक तालाब पर डेढ़ दर्जन लोगों के अवैध मकान, शौचालय व गोशाला हैं। जिससे तालाब की रूपरेखा खत्म हो चुकी है। सभी लोगों को 122 बी के तहत तहसील से भी अवैध कब्जे हटाने के पूर्व में दिए गए आदेश का अनुपालन नहीं हो पाया है। जिस पर हाईकोर्ट ने एसडीएम मेजा को सभी अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया। हाई कोर्ट के आदेश पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के मौके गुरुवार को बुलडोजर से दर्जनों मकान,शौचालय निर्माण को धराशाई कर दिया। मांडा क्षेत्र में अवैध निर्माण कताओं में बुलडोजर की कार्यवाही से सनसनी फैली हुई है।

### ड्रोन कैमरे से किसानों के खेत किया गया नैनों उर्वरक का छिड़काव



**करछना** प्रयागराज शुक्रवार को विकास खंड करछना के अंतर्गत अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पंचायत के किसानों के खेतों में डोन कैमरे से नैनो उर्वरक का छिड़काव कर लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही विकसित भारत संदेश का परिचालन कर रही बैन से लोगों को जानकारी दे गई वही प्रधान संघ के अध्यक्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवतार किशन सिंह एडवोकेट ने भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए आए हुए सभी ग्राम वासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया प्रधान परमानंद मौर्य ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को विस्तृत जानकारी से अवगत करा इस मौके पर आवास बाबू बृजेश सिंह मनरेगा प्रभारी मनीष शुक्ला सचिव मनीष सिंह शिवा कुशवाहा चंद शेखर तुलसीराम मौर्य भूषण सिंह पटेल आदि बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित सभी ग्राम वासियों को जानकारी दी

### स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी से प्रेरणा लें युवा



**घूरपुर।** स्वामी विवेकानंद जी की देश की ख्याति और उपलब्धियों को विदेशों तक पहुंचाने में अहम योगदान रहा है। आज के युवाओं को उनके जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। उक्त बातें पूरेखगन गांव स्थित बी एल सिंह पब्लिक इंटर कालेज में स्वामी विवेकानंद जी के जयंती समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक अतुल जी छात्रों को संबोधित करते हुए कही। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के भाग कारवां राजेश जी ने कहा कि स्वामी जी हमेशा युवाओं को आगे लाने के संघर्ष किया करते थे। कॉलेज के संचालक पुष्पराज सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी की संक्षिप्त जीवन परिचय दिया। जयंती समारोह में सर्व प्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरूवात किया गया। प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य कृष्ण शंकर तिवारी ने अतिथियों को धन्यवाद अर्पित करते हुए आभार व्यक्त किए। समारोह में समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओ सहित छात्र और अभिभावक शामिल रहे।

### आरएसएस द्वारा युवा दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित



**जंघई।** अनुवां मंडल के एमडीएस कान्वेंट पब्लिक स्कूल चनेथू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा "युवा दिवस" संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉक्टर राजनारायण उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ तथा उनके बचपन का नाम नरेंद्र नाथ दत्त था।उन्होंने दुनिया को वेदांत और योग के भारतीय दर्शन से परिचित करवाया। वे 19 वीं सदी के आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक रामकृष्ण परमहंस के शिष्य थे।उन्होंने अपनी मातृभूमि के उत्थान के लिये शिक्षा पर सबसे अधिक जोर दिया साथ ही उन्होंने चरित्र-निर्माण आधारित शिक्षा का समर्थन किया।वर्ष 1897 में उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। संचालन खंड कार्यवाह रमेश तिवारी ने किया इस अवसर पर किसान संघ शेषमणि पांडेय, खंड शारीरिक प्रमुख आशीष शुक्ला, जंघई मंडल कार्यवाह आयुष, अभिनव पांडेय, अशोक दुबे प्रखंड अध्यक्ष विहिप, लाल सिंह, गोलू जायसवाल, अभिषेक तिवारी, निलेश उपाध्याय, मयंक, आयुष, देवव्रत आदि स्वयंसेवक एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज मिश्रा, विद्यालय के विद्यार्थी और अध्यापक एवं अध्यापिका आदि लोग उपस्थित रहे।

### लापता बच्चे को जीआरपी पुलिस जंघई ने परिजनों को सौंपा



**जंघई।** जंघई जंक्शन प्लेटफार्म संख्या 2 पर एक अज्ञात बच्चा उम्र 9 वर्ष बैठकर रो रहा था, जीआरपी चौकी प्रभारी जंघई अली अतहर की निगाह उसके ऊपर पड़ गई। जिस पर चौकी प्रभारी उसे चौकी पर ले आकर पूछताछ किया तो उसने अपना नाम पवन विश्वकर्मा पुत्र सुभाष चंद्र विश्वकर्मा निवासी परशुरामपुर थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर बताया। जिस पर चौकी इंचार्ज ने सी-प्लान से प्रधान के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया और पवन विश्वकर्मा को सूचना दिया परिजन मौके पर पहुंचे और बच्चे को देखकर में पहचान किया और राहत की सांस लिया, चौकी प्रभारी की सराहना करते हुए बच्चे को घर ले गए बच्चा परिजनों को बिना बताए घर से नाराज होकर भाग जंघई जंक्शन भाग आया था।

### अनिल सरोज को पुनः मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं में हर्ष



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक भाजपा कार्यालय सहसों पर शुक्रवार को पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कार्यकताओं द्वारा अनिल कुमार सरोज को पुनः भाजपा सहसों मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर माल्यार्पण कर स्वागत एवं लड्डू खिलाकर बधाई देते हुए हर्ष जताया गया। इस अवसर पर बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार व भूमि विकास बैंक अध्यक्ष फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी ने अनिल कुमार सरोज को पुनः मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर मुंह मीठा कराते हुए शुभकामना एवं बधाई दी। और मुख्य अतिथि एवं पुणे नियुक्त मंडल अध्यक्ष ने पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश, काशी प्रांत एवं जिला नेतृत्व के प्रति बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री संजय कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से रमेश कुमार द्विवेदी, चंद्रेश केसरवानी, प्रमोद शुक्ला, मधु तिवारी, अमन सिंह राजपूत, विमल मिश्रा, महेश सिंह, मुन्ना दुबे, रंजना सिंह परिहार, अजय कुमार श्रीवास्तव, राजेश सरोज, देवेंद्र कुमार मिश्रा, रंजन तिवारी, संतोष सिंह, राहुल गुप्ता, सूरज पासी सहित अधिकार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने निराश्रित गोवंशों को शत-प्रतिशत संरक्षित किए जाने एवं गौशालाओं में व्यवस्थाओं के सम्बंध में की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शेष सचिव हथकरघा एवं वस्त्रों उद्योग, उत्तर प्रदेश शासन तथा जनपद प्रयागराज के लिए नामित नोडल अधिकारी शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में निराश्रित गोवंशों को शत-प्रतिशत संरक्षित किए जाने एवं गौशालाओं में व्यवस्थाओं के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नोडल अधिकारी ने सभी गौशालाओं के लिए नामित किए गए जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को गौशालाओं का आज ही निरीक्षण करते हुए उसकी आख्या उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने छुट्टा घूमने वाले निराश्रित गोवंशों को अभियान चलाकर शत-प्रतिशत गौशालाओं में संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशालाओं में हरे चारे, भूषा की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने के साथ-साथ साफ-



सफाई का विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है। नोडल अधिकारी ने शीत लहर एवं ठण्ड को देखते हुए गौशालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि कोई भी गोवंश खुले आसमान के नीचे न रहे। हरे चारे के लिए नेपियर घास लगाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में जल-जमाव न होने पाये। गौशालाओं में गोवंशों के बच्चो को अलग रखे जाने की व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है। नोडल अधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करते रहने एवं संरक्षित गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए बीमार होने वाले गोवंशों को अलग रखकर उनके समय से उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराये

**नोडल अधिकारी ने गौशालाओं में भूसा-चारा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के दिए निर्देश**

**ठण्ड से बचाव हेतु गौशालाओं में समुचित व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश**

**पशु चिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करते रहने के दिए निर्देश**

जाने के लिए कहा है। उन्होंने गौशालाओं में खिड़कियों को जूट के बोरे से ढके जाने एवं उनके बैठने वाले स्थान पर पुआल आदि बिछाये जाने के लिए कहा है। नोडल अधिकारी ने गोवंशों को हरे चारा दिए जाने के साथ-साथ गोवंशों को ताजे पानी ही पिलाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने गोवंशों का टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग का कार्य भी शत-प्रतिशत रूप से सुनिश्चित कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने नोडल अधिकारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि जो भी दिशा-निर्देश दिए गए है, सभी सम्बंधित अधिकारीगण उसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए गोशालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनाये रखेंगे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत नोडल अधिकारी ने नगर निगम की गौशाला अरैल तथा करछना विकास खण्ड की पनासा तथा करेहा गौशालाओं का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को देखा तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वहां पर गोवंशों को गुड़ भी खिलाया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## त्रिवेणी अस्पताल तैयार, कल से शुरू होगी सेवाएं

**प्रयागराज।** प्रयागराज के संगम क्षेत्र में माघ मेला के लिए तेजी से काम हो रहा है। 15 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन पहला स्नान है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयारियां तेज हो गई हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखा जाएगा।यहां दो बड़े गंगा और त्रिवेणी अस्पताल बनना है। त्रिवेण अस्पताल बनकर तैयार है। कल यानी 12 जनवरी से यहां श्रद्धालुओं का इलाज भी हो सकेगा। यहां अलग–अलग शिफ्टों में 24 घंटे डॉक्टरों की उपलब्धता रहेगी। इतना ही नहीं यहां पर माइनर ओटी भी बनाई गई है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। प्रसव की भी होगी व्यवस्था : गर्भवती महिलाओं की सहूलियत का ध्यान रखते हुए यहां प्रसव की भी व्यवस्था होगी। इसके लिए महिला चिकित्सक भी तैनाती की गई है। अभी दूसरा गंगा अस्पताल तैयार किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने बताया कि ठंड में श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत आती है तो उन्हें एम्बुलेंस से लेकर अस्पताल लाया जाएगा और जहां डॉक्टरों की टीम उपलब्ध रहेगी।

**12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बन रहे :** मेला क्षेत्र में दो बड़े अस्पतालों के अलावा 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जा रहे हैं जो अलग अलग सेक्टरों में हैं। यह दो–दो बेड के होंगे। सभी अस्पतालों में 24 घंटे अलग–अलग शिफ्ट में डॉक्टर, फार्मासिस्ट व नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को जरूरत पड़ने पर तत्काल में उनका इलाज किया जा सके। इसी तरह यहां करीब 30 एम्बुलेंस की व्यवस्था की जा रही है जो संगम नोज से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मौजूद रहेगी।

## एडीएम प्रशासन ने मंक्रर संक्रांति स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में की डी–ब्रीफिंग

**अखंड भारत संदेश**

**स्नान पर्व के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने के दिए निर्देश**

**प्रयागराज।** माघ मेला 2024 की डी-ब्रीफिंग संगम सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। डी-ब्रीफिंग में मकर संक्रांति (15 जनवरी) स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए ड्यूटी में लगाये गये मजिस्टेटों को अपने क्षेत्रों में भ्रमणकर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्टेज्टों को सयम से ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने यातायात, पार्किंग की व्यवस्था को भी चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने के निर्देश सम्बंधित को दिए है। इस अवसर पर सभी अपर जिलाधिकारीगण , डीसीपी यातायात, एसडीएम एवं सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कोखराज विकास खंड सिराथू जनपद कौशांबी

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोखराज विकासखंड सिराथू जनपद कौशांबी में अमृत सरोवर तालाब भाग 2 की खुदाई एवं सौंदर्यीकरण जीर्णोद्धार के लिए पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य की लागत 23 लाख 30 हजार रुपए प्रस्तावित है इच्छुक फर्म ठेकेदार ग्राम पंचायत कार्यालय से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं 15 जनवरी 2024 से 23 जनवरी 2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा फर्म जमा किए जाएंगे 24 फरवरी 2024 को दोपहर 12:00 बजे उपस्थित फर्म ठेकेदारों के समक्ष सार्वजनिक तरीके से निविदा खोली जाएगी निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा

**नीरज यादव**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम कोखराज ब्लाक**
**सिराथू कौशाम्बी**

**रमेश चंद्र मौर्य**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम कोखराज ब्लाक**
**सिराथू कौशाम्बी**


## न्यूज झरोखा

### आठवीं तक के स्कूल बंद ,बीएसए ने ठंड को देखते हुए जारी किया आदेश

**प्रयागराज।** भीषण ठंड और कोहरे को देखते जनपद के सभी स्कूलों को कल यानी 13 जनवरी को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद में संचालित कक्षा आठवीं तक के सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूल 13 जनवरी को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। बीएसए ने बताया कि निर्देश के बावजूद कोई भी विद्यालय खुले पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घने कोहरे से ढका प्रयागराज : आज शुक्रवार को शाम 7 बजे के बाद से ही कोहरे का प्रकोप शुरू हो गया था। करीब आठ बजे तक पूरा शहर घने कोहरे से ढक गया। सड़कों पर सिर्फ लाइटों के अलावा कुछ भी नहीं दिख रहा है। प्रतिदिन की अपेक्षा आज दिन भर गलन ज्यादा रही। वहीं आज सभी स्कूल खुले थे जिससे बच्चे कांपते हुए स्कूल पहुंचे थे।

### नैनी मे महर्षि महेश योगी का जन्मदिवस ज्ञान युग दिवस के रूप में मनाया गया



**नैनी।** नैनी अरैल मे महर्षि महेश योगी का जन्मदिवस ज्ञान युग दिवस पूरे विधि विधान से मनाया गया। मुख्यअतिथि करछना विधायक पियूष रंजन निषाद ने कहा कि महर्षि जी के तपोवल से आज सनातन धर्म की रक्षा हो रही है महर्षि जी के ही विद्वान पंडितों के द्वारा आज पूरे विश्व में भावातीत ध्यान के माध्यम से मनुष्य के जीवन को सफल बनाया गया है यह महर्षि महेश योगी जी की देन है जो आज भारत में हिंदू समाज का परचम लहराया और विश्व में भारत का नाम रोशन करने में महर्षि महेश योगी जी का प्रथम स्थान है आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव प्रभारी महर्षि स्मारक, आश्रम प्रभारी बसंत दास के द्वारा माल्यार्पण अंगवस्त्रमदेकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम वैदिक विद्वानों के द्वारा मंगलाचरण पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया।इस अवसर पर पार्षद प्रदीप महरा, पार्षद मयंक यादव, काशी प्रांत अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिह एवं समस्त वैदिक विद्वान पंडित कर्मचारीगण इस अवसर पर मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन कथा वाचक भूपेंद्र महाराज ने किया मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि पूजा–अर्चना के बाद जन्मदिन के शुभ अवसर पर आश्रम परिसर मे सभी भक्तों को भोजन ग्रहण एवं प्रसाद देकर के ही विदा किया गया।

### माधव ज्ञान केंद्र में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई

**नैनी।** नैनी सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमें लगभग 250 पुरातन छात्र युवा भैया बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व छात्र डॉ0 अजित तिवारी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया।अतिथियों का परिचय पुरातन छात्र प्रमुख राधेश्याम तिवारी ने कराया।स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़ी कई प्रेरणादायी घटनाओं का वर्णन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 विन्ध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने किया। पूर्व छात्र भैया प्रभाकर त्रिपाठी ने भैया बहिनों को विद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आह्वान किया। पूर्व छात्र अमन शास्त्री ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से हमारी यादें ताजा हो जाती है। पूर्व छात्र अनुराग पांडेय ने कहा कि हम सभी स्वामी विवेकानंद जी के बताये मार्ग पर चलें, यही हमारा संकल्प हो। विद्यालय के आचार्य सुरेश्वर प्रसाद मिश्र ने सभी पूर्व छात्र भैया बहनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### स्वनिधि–मकर संक्राति मेले का सिद्धार्थ नाथ सिंह ने किया उदघाटन

स्ट्रीट फूड उत्सव,स्ट्रीट वेन्डर्स का सम्मान




**प्रयागराज।** नवाब युसूफ रोड स्थित बी.एस.एन.एल वेन्डिग जोन में रेहड़ी पटरी फुटपाथ दुकानदारो का स्वनिधि मकर संक्राति मेले में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विधायक सिद्धार्थ नाथ सिहं ने मेले का शुभारम्भ किया। मेले में पंतग तिल के लडडू चाट चाऊमीन चाय काफी सादा भोजन के साथ एसएचडी के उत्पादो की प्रर्दशनी डिजिटल ट्रेनिंग के स्टाल लगाये गये। विधायक सिद्धार्थ का स्वागत पीओडूडा वर्तिका सिंह ने पुष्प देकर किया। मुख्य अतिथि ने उपस्थि पथ विक्रेताओ को सम्बोधित करते हुये कहा शहर पशचिमी के बन्द पड़े पार्को में वेन्डिग जोन बना कर मुख्य मार्गो पर लग रहे ठेलो को व्यवस्थित करें। टीवीसी सदस्य रवि शंकर द्विवेदी ने ट्रिपल आई टी चौराहे के पास बने वेन्डिग जोन में स्थानीय भू माफिया आंवटित पटरी दुकानदारो को दुकाने नही लगाने दे रहे विधायक सिद्दार्थ नाथ सिंह ने कहा मोदी योगी की सरकार में गुड़े माफियाओ का सफाया हो गया अपर नगर आयुक्त को मामले में तत्काल कार्यवाही के लिए कहा। कार्यक्रम में पथ विक्रेता शीबा बेगम महेश प्रसाद केसरवानी रीना आरती स्वंय सहायता समूह प्रतिज्ञा शगुन मोनी केसरवानी दुर्गा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंशुमान गौर सुजीत सिंह मुकेश सोनकर रवि शंकर रंजीत दास कपूर चन्द केसरवानी शिव कुमार दुर्गेश मनी त्रिपाठी राजू कानैजिया अरविन्द यादव मौजूद रहे।

## अवैध असलहा फैक्ट्री पर छापा मारकर चार लोगों को किया गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी पुलिस व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम द्वारा 04 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 03 अवैध स्वचालित पिस्टल .32 बोर, 05 अवैध तमंचा .315 बोर, 05 अवैध तमंचा 12 बोर, अवैध अर्धनिर्मित शस्त्र व अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। नैनी अरैल में पुलिस और एसओजी ने कांशीराम आवास योजिना के निष्प्रयोज्य मकान में चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। सरगना समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से बड़ी संख्या में निर्मित और अर्द्धनिर्मित असलहे, उपकरण बरामद करने का दावा किया है। डीसीपी यमुनानगर अभिनव त्यागी ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन के तहत नैनी पुलिस व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। अवैध असलहा फैक्ट्री संचालित करने वाले नागेश पांडेय निवासी रामगढ़ डीहा, करछना, जिलानी मंसूरी निवासी डभारी कटरा चौराहा



घूरपुर, नसीम उर्फ सुल्तान बाबा निवासी डीहा करछना और ब्रम्हदीन विश्वकर्मा निवासी नरायनपुर बसही थाना करछना को गिरफ्तार किया है। मौके से बड़ी संख्या में असलहा बनाने के उपकरण और असलहे बरामद हुए हैं।पुलिस के मुताबिक जिलानी मंसूरी गैंग का सरगना है। उसके साथ इस काम में नसीम उर्फ सुल्तान बाबा और ब्रह्मदीन विश्वकर्मा भी जुड़े थे। ये तीनों मिलकर असलहा तैयार करते थे। जानकारी के अनुसार अभी तक उन्होंने 20 से ज्यादा असलहे बनाकर बेचे हैं। गिरोह के सदस्य मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा एवं बिहार के मुंगेर से हथियार एवं हथियारों का सामान लाकर यहां असलहे तैयार करते हैं। असलहों को अपराधियों को उनकी डिमांड के अनुसार बेचा जाता था। आरोपियों के दिए गए बयान के आधार पर अभी अन्य खरीदारों एवं इनको सामान मुहैया कराने वाले लोगों को चिन्हित कर ढूंढा जा रहा है जल्द ही उनकी गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाएगी।

## हरे राम सेवा संस्थान ने व्याख्यान आयोजित कर मनाया स्वामी विवेकानन्द की जन्म जयंती व युवा दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हरे राम सेवा संस्थान ने सीएमपी डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर अनंत सिंह, डॉ अनिल पंडित, कैडेट पॉइंट्स के संस्थापक जितेन्द्र शर्मा व संस्था के स्वयंसेवकों ने प्रयागराज शहर में स्थित कैडेट पॉइंट्स डिफेंस एकेडमी में युवा दिवस व स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर स्वामी विवेकानंद जी के दर्शन की उपयोगिता पर व्याख्यान आयोजित किया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई । तत्पश्चात हरे राम सेवा संस्थान के संस्थापक अनंत सिंह ने सभी को संबोधित किया। सर्वप्रथम संस्था के संस्थापक अनंत सिंह ने वहां उपस्थित सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए युवा दिवस के अवसर की महत्वता पर प्रकाश डाला। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा की युवाओं की तरक्की के कई महत्वपूर्ण पहलू हो सकते हैं जैसे, शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य और




आत्मरक्षा, सामाजिक समरसता, तकनीकी ऊर्जा आदि। हालांकि युवाओं का सही मार्गदर्शन होना बहुत जरूरी है। आज का युवा तनावग्रस्त, चिंता और अत्यधिक दबाव के कारण दिशाविहीन हो जा रहा है इसीलिए ऐसे व्याख्यान आज के दौर में अति आवश्यक है । तत्पश्चात सीएमपी डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अनिल पंडित ने भी उपास्थित सभी को संबोधित किया । संबोधन के क्रम में डॉ अनिल ने कहा की देश का युवा जितना ऊजार्वान और सकारात्मक विचारधारा से जुड़ा होगा, उतना ही उसके देश का विकास संभव है। किसी भी युवा की सफलता एक समृद्ध समाज और राष्ट्र की नींव बन सकती है। व्याख्यान के दौरान डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ अनिल पंडित, गुंजन सिंह ,डॉ प्रतिमा सिंह, सीपीडीए के प्रबंधक श्री जितेन्द्र शर्मा,रोहित,संतोष शर्मा,अभिषेक तथा सभी छात्र और छात्राएं उपस्थित रहें।

## स्वच्छता की मशाल लेकर निकले नगर निगम प्रयागराज के युवा स्वच्छताग्रही

**प्रयागराज।** शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सुबह 6:30 सिविल लाइंस हनुमान मंदिर से नगर निगम प्रयागराज के 225 युवा स्वच्छताग्राहियों ने अपने हाथ में मशाल लेकर एक मशाल यात्रा निकाली। सहायक नगर आयुक्त सुश्री दीपशिखा पांडे ने बताया की इसका उद्देश्य गंदगी रूपी अधियारा मिटाना है स्वच्छता का उजियारा लाना है। इस दौरान अयोध्या राम मंदिर में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण देते हुए यह बोला गया की पवित्रता का धाम है स्वच्छता हमारा काम है। श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस के आईईसी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने इस मशाल यात्रा के बारे में बताते हुए बताया की युवाओं की विचारधारा में शहर की स्वच्छता हो इसके लिए आज का दिन खास है। यह मशाल यात्रा सिविल लाइन सिविल लाइंस हनुमान मंदिर से होते हुए प्रयाग संगीत हाथी पार्क से आजाद पार्क गेट नंबर 3 पर पहुंची। जहां पर स्वामी विवेकानंद के नारे लगाते हुए करीब 200 लोगों ने मानव श्रृंखला बनाते हुए 3फ यानी रिड्यूस , रीयूज एंड रीसाइकिल का संदेश दिया।मशाल यात्रा के दौरान शहर भर के एथलीट और सुबह घूमने वाले शहरवासियों ने इस रैली को देखते हुए इसमें प्रतिभाग किया।रैली के आगे चल रहे स्वछता कर्मियों ने सफाई करते हुए आते–जाते लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।इस दौरान जेई राम सक्सेना जी, सीएसएफआई गोविंद बाजपेई जी, जितेंद्र जी, एसएफआई डी पी सिंह, अरविंद सिंह, राजेश विश्वकर्मा, सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस टीम , लायंस टीम, सफाई मित्र इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## ढोल नगाड़ों के साथ बांटा गया बाजार में अक्षत

**मांडा।** अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भाजपा व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकताओं ने स्थानीय बाजारों में ढोल नगाड़ों के साथ पहुंच कर अक्षत व पत्रक वितरण किया।और लोगों को मंदिर उद्घाटन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया श्री राम लला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में बाजार के प्रत्येक व्यापारियों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को अपने आसपास के मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री राम के शुभ कार्य में सहयोग प्रदान करे।मौके पर इंद्रमणि कुशवाहा, रामसुख कुशवाहा, अजीत केसरी, अंकित केसरी, अनुज केसरी, सीताराम हलवाई, पुष्पेंद्र प्रजापति, विजय प्रजापति, आदि लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 12.01.2024

ग्राम पंचायत **डीहा** में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **डीहा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 13–01–2024 से दिनांक 27–01–2024 को अपराहृन 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 28–01–2024 को अपराहृन 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 28–01–2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराहृन तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | मंदिर से आदिवासी बस्ती तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.00 लाख | 3 माह |
| 2. | पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिवेणी पाण्डेय के घर होते हुए शिव मंदिर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.00 लाख | 3 माह |

**प्रेम चन्द्र आदिवासी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत डीहा**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**अक्षत सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत डीहा**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत निरिया, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 12.01.2024

ग्राम पंचायत **निरिया** में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **निरिया** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 13–01–2024 से दिनांक 27–01–2024 को अपराहृन 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 28–01–2024 को अपराहृन 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 28–01–2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराहृन तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रभुनाथ के चक से पवन कुमार के कुआं तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.00 लाख | 3 माह |
| 2. | पक्की सड़क से राजेश के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 5.00 लाख | 3 माह |

**अमृत लाल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत निरिया**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**मनीष सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत निरिया**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

# गौशालाओं में हरे चारे की व्यवस्था बढ़ायी जाए: नोडल अधिकारी

## विशेष सचिव/नोडल अधिकारी ने गोवंश संरक्षण, भरण-पोषण के सम्बन्ध में की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शासन द्वारा नामित विशेष सचिव सामान्य प्रशासन/नोडल अधिकारी राम केवल ने जनपद में निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण, निमार्णाधीन गौशालाओं, निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान आदि के सम्बन्ध में जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 बिरजू सिंह यादव सहित अन्य उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, नगर पालिका/नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की।



बैठक में बोलते विशेष सचिव राम केवल।

बैठक में नोडल अधिकारी ने गौ आश्रय स्थलों के सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जानकारी ली तो बताया गया कि 64 गौशालायें संचालित है तथा 18 अस्थायी गौशालाओं का निर्माण कार्य चल रहा है जिसे जनवरी तक पूर्ण कर लिया जायेगा तथा 14 गौशालाओं में गोवंशों के संरक्षण हेतु क्षमता बढ़ायी जा रही है। नोडल अधिकारी ने सहभागिता योजना की जानकारी ली और निर्देशित किया कि सहभागिता योजना के तहत लोगों को गायों की सुपुर्दगी बढ़ायी जाये। गौशालाओं में साफ-सफाई की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करायी जाये व समय-समय पर डाक्टरों द्वारा गोवंशों की देखरेख की जाये, यदि कोई गोवंश बीमार है तो उसकी निरन्तर देखरेख करे और उसका उपचार किया जाए। गौशालाओं में मृत गोवंशों को खुले में न छोड़े, उसका निस्तारण नियमानुसार तत्काल करायें। ठंड से बचाव हेतु अलाव व टाटपट्टी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी हरे चारे की बुवाई हेतु जमीनों का चिन्हांकन करायें तथा निरन्तर गो आश्रय स्थलों पर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि सड़कों पर जो भी गोवंश घूमते हुये पाये जाये उन्हें गो आश्रय स्थलों में संरक्षित कराएं तथा सम्बन्धित अधिकारीगण गम्भीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# महिला की मौत को लेकर बना हुआ है तनावपूर्ण माहौल, फोर्स के साथ पीएसी तैनात

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कार की टक्कर से दुर्घटना में महिला की मौत को लेकर दूसरे दिन भी जलेसरगंज क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल दिखा। हालांकि एहतियातन जलेसरगंज के कटरा दुग्धा से लेकर कटरा नहर तक भारी संख्या में पुलिस व पीएसी को तैनात देखा गया। लालगंज कोतवाली के कटरा दुग्धा निवासी रामसमुझ की पत्नी कृपाला 65 की दुर्घटना में कार की टक्कर से गुरूवार को मौत हो गयी। महिला की मौत से आक्रोशित स्वजनों व ग्रामीणों ने जलेसरगंज हीरागंज मार्ग पर जाम लगा दिया था। देर रात तक मार्ग जाम समाप्त न होने पर लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर कटरा नहर पहुंचे। सीओ ने जाम कर रहे ग्रामीणों को जाम हटाने के लिए समझाया बुझाया। सीओ की बात नाराज ग्रामीणों ने अनसुनी कर दिया। सूत्रों के मुताबिक सीओ ने जाम लगा रहे ग्रामीणों को उनके खिलाफ भी एफआईआर की धौंस दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीओ की धमकी से बात बिगड़ गयी और नाराज ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक पुलिस पर ग्रामीणों के पथराव से फोर्स हक्काबक्का हो गयी। पुलिस के लोग जान बचाने को इधर उधर भागने लगे। पत्थरबाजी की घटना में सीओ समेत उनके हमराही सिपाहियों को भी मामूली चोटें आ गयीं। पुलिस पर पथराव की जानकारी मिलते ही पांच थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गयी। कई थानों की फोर्स देख पत्थरबाजी कर रहे लोग वहां से भाग निकले। इसके बाद जाम समाप्त हो गया। सीओ समेत फोर्स पर पत्थर बाजी की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय भी मौके पर पहुंच गये। एएसपी संजय राय के साथ जिले की महेशगंज, संग्रामगढ़, जेठवारा, उदयपुर तथा स्थानीय लालगंज समेत पहुंची फोर्स ने हालात को नियंत्रित करने में देर रात तक मशक्कत की। इधर मृतका के स्वजन रात करीब साढे सात बजे मृतका का शव लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय चले गये। पुलिस ने देर रात मृतका के पुत्र नोखेलाल पटेल की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज कर लिया। पुलिस जेसीबी की मदद से कार को कोतवाली उठा ले आयी। वहीं चालक को भी हिरासत में ले लिया। शुक्रवार को दूसरे दिन भी जलेसरगंज क्षेत्र में घटना को लेकर तनावपूर्ण माहौल बना दिखा।

## दुर्घटना में महिला की हुई थी मौत, घर पहुंचा शव तो मचा कोहराम

# छब्बीसवीं पुण्यतिथि पर स्व0 डा0 बीएन को दी गई श्रद्धांजलि

## प्रथम गोल्ड मेडलिस्ट डा0 बीएल ने जीवन भर सादा जीवन अवनाया: डा0 संजय

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्व0 डा0 बी0एल0 कूपर की 26वीं पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई जिसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण के साथ लाज पचैरी व लाज भोला के बैनर तले कपूर चैराहा क्लीनिक पर उनके सुपुत्र डा0 संजय कपूर द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान शहर के लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान डा0 संजय कपूर ने कहा कि वह प्रथम गोल्ड मेडलिस्ट थे। अपने व्यक्तित्व व अपने पेश के प्रति उनका पूरे जनपद में प्रभाव था। सादा जीवन व उच्च विचार उनमें सबसे अधिक था। लेकिन एक दुर्घटना में उनकी मौत से पूरा जिला स्तब्ध रह गया था। डा0 संजय ने अपने विचार के उच्च विचार की धारणा को अग्रसर करते हुए प्रतापगढ़ की सेवा में तत्पर हैं। इस अवसर पर दिनेश नारायण पाण्डेय, बसंत त्रिपाठी, संजीव आहूजा, अरविन्द कुमार सिंह, शिवाधर पाण्डेय, राजेश कुंदनानी, बशीर पहलवान, विजय लक्ष्मी, पुष्पा त्रिपाठी, गीता केसरवानी, नन्हे खान, शरद केसरवानी आदि मौजूद रहे।



डा0 बीएल कपूर को श्रद्धांललि देते डा0 संजय कपूर।

# इंदिरा भवन पर आयोजित हुई गठबंधन दलों की बैठक

## विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श के बाद बनी सहमति

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गठबंधन के दलों की एक संयुक्त बैठक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का सफल संचालन सीपीआई के जिला सचिव राम बरन सिंह ने किया।

बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर सभी दलों से विचार-विमर्श के उपरांत सहमति बनी। जिला स्तर पर जल्द ही अनेक कार्यक्रमो को संचालित करने पर एक राय बनने का रास्ता साफ होता नजर आया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी, सीपीआई के जिला सचिव राम बरन सिंह, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, सीपीआई एम के आशुतोष शुक्ल तथा समाजवादी पार्टी के रमेश पाठक ने अपने-अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। गठबंधन की अगली बैठक जल्द ही आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, सीपीआई के महाराज दीन यादव, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, कांग्रेस के ही वेदांत तिवारी, सूर्य प्रकाश शुक्ल, प्रशांत सिंह प्रिंशू, अवध राज यादव, आशीष कुमार त्रिपाठी, राम रतन तिवारी, आशुतोष तिवारी, आम आदमी पार्टी के वैभव उपाध्याय, ओम प्रकाश, भास्कर तिवारी, बृहस्पति पांडेय, मनोज सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



इंदिरा भवन पर आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

# कांग्रेसियों ने असहायों को बांटा कम्बल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर आज यहां जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिला अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में जन्मदिन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गरीबों को कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि प्रियंका ने कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत से कार्य किया है। उन्होंने विभिन्न प्रदेशों में कांग्रेस को एक बार फिर से स्थापित करने का काम किया है। ईश्वर उन्हें लंबी उम्र दे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष इरफान अली, जिला उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, पीसीसी सदस्य डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सेवादल उपाध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, पूर्व प्रत्याशी प्रशांत सिंह प्रिंशू, राम रतन तिवारी, आशुतोष तिवारी, अवध राज यादव, विश्वास सिंह, चंचल सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी एनएच व नगर पालिका का चला अतिक्रमण विरोधी अभियान

## आज चैक से लेकर कपूर चैराहे तक हटाये गये अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर प्रतापगढ़ शहर में दूसरे दिन भी नेशनल हाईवे के अधिकारी व एसडीएम सदर के नेतृत्व में बाबागंज स्थित दयाल स्टोर से चैक घंटाघर होते हुए कपूर चैराहे तक अतिक्रमण को हटाने का कार्य तेजी के साथ हुआ।

आज शुक्रवार को दोपहर बारह बजे ही नेशनल हाईवे के अभियंता समृद्ध शुक्ला, एसडीएम सदर उदयभान सिंह, शहर कोतवाल सत्येन्द्र सिंह व नायब तहसीलदार के साथ नगर पालिका की टीम बाबागंज पहुंच गई थी, फिर कल की तरह पोस्टर, बैनर के अलावा अस्थायी निर्माण हटाये जाने लगे। वैसे कल के अभियान से ज्यादातर अतिक्रमणकारी आज सतर्क थे, फिर भी जगह-जगह लगी प्रचार सामग्री, होर्डिंग आदि को हटाया गया। बता दें कि अयोध्या राम नगरी में जाने वाले राम भक्तों के आवागमन को सुलभ कराने के लिये प्रशासन ने दूसरे दिन भी यह अभियान चलाया जिससे राजमार्ग पर हड़कंप मचा हुआ है। यह अभियान नगर पालिका की सीमा तक अवश्य चलेगा, इसलिये अभी इसके आगे भी चलने की आशा है।

# साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में धूमधाम से मनाई गई विवेकानंद की जयंती

## छात्राओं ने नृत्य नाटिका का किया मंचन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज के सभागार में नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती धूम-धाम से मनायी गई। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वामी विवेकानन्द की आराधना एवं मेरे राम शीर्षक पर नृत्य नाटिका का मंचन किया गया।

छात्राओं में भाषण प्रतियोगिता, पेन्टिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, लोक गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सलोनी मोदनवाल, द्वितीय स्थान साक्षी पाण्डेय एवं तृतीय स्थान खुशी पाण्डेय ने प्राप्त किया। पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गौरी केसरवानी, द्वितीय स्थान अंशिका सिंह एवं तृतीय स्थान ताहिरा ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गौरी केसरवानी ग्रुप एवं द्वितीय स्थान मुस्कान ग्रुप ने प्राप्त किया। लोक गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी पाण्डेय एवं द्वितीय स्थान शिखा पाण्डेय ने प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साकेत महाविद्यालय की प्रज्ञा सिंह के ग्रुप एवं द्वितीय स्थान नेहरू युवा केन्द्र के आकाश भट्ट के ग्रुप ने प्राप्त किया। नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अनन्त प्रकाश शुक्ला द्वारा नेहरू युवा केन्द्र के प्रभारी श्री मिश्रा जी एवं वहाँ के कलाकार आकाश भट्ट को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं कु0 नेहा सिंह, कु0 कौशिकी पाण्डेय एव ग्रुंप द्वारा सरस्वती वन्दना, सांई वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया।




स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मौजूद प्रबंधक व छात्रागण।

# लालगंज को प्रमोद व मोना ने सौंपी छह करोड़ से अधिक की बाईपास की सौगात, खुशी से खिल उठे चेहरे

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी की ओर से लालगंज नगर पंचायत को नेशनल हाईवे से जुड़े बाईपास की बड़ी सौगात मिली है।

शासन ने विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रस्ताव पर नेशनल हाईवे लखनऊ-वाराणसी से जुड़े रायबरेली-प्रतापगढ़ के लालगंज बाजार के लिए संगम चैराहे से राजेन्द्र नगर तक तीन किलोमीटर लम्बे एवं साढ़े पांच मीटर चैड़े नहर पिच मार्ग को बाईपास के रूप में बनाए जाने के लिए छः करोड़ तेरह लाख साठ हजार रुपए की बड़ी धनराशि अवमुक्त की है। राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना इधर काफी दिनों से लालगंज के लिये बाईपास के रूप में इस नहर पिच मार्ग को चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिये शासन से इस बड़े बजट को अवमुक्त कराने में प्रयासरत थे। शासन की ओर से इस बाईपास हाईवे की शक्ल में बनने वाली सड़क को बजट मंजूर होने की जानकारी मिलते ही शुक्रवार को स्थानीय लालगंज बाजार समेत आस-पास के इलाके में लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# पूरे विश्व के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत रहे स्वामी विवेकानंद

## सरोजनी इंटर कालेज में हुई भाषण प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष अंशुमान के नेतृत्व में युवा मतदाता भारत का भाग्य विधाता विषय पर सरोजनी इण्टर कालेज कुसुमी में युवाओं के बीच में बाद विवाद भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव और कार्यक्रम की अध्यक्षता सरोजनी इण्टर कालेज के प्रबंधक राजेश भट्ट ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य कारणी सदस्य सौरभ सिंह ने कहा कि आज एक ऐसा दिन है जो पूरे विश्व के युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत पर युवाओं के बीच में इस तरह के कार्यक्रम का होना ही भारत का भाग्य विधाता मान लिया जाना चाहिए। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव व भाजयुमो जिला अध्यक्ष अंशुमान ने भी अपने विचार रखे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सौम्या सिंह, द्वितीय स्थान हर्षित तिवारी, तृतीय स्थान अंशिका उपाध्याय ने प्राप्त किया। संचालन विनीत कुमार ने किया कार्यालय प्रबंधक डॉ राजेश भट्ट, अध्यापक अशोक कुमार श्रीवास्तव, अविनाश शर्मा, अमित निर्मल, अखिलेश पांडे, संतोष श्रीवास्तव, प्रेमलता त्रिपाठी, जागृति त्रिपाठी, महिमा शर्मा, आंचल तिवारी, मानसी तिवारी, जिला महामंत्री नीतीश श्रीवास्तव, शैलेश मिश्रा, रोहित सिंह, राहुल मौर्य, सोनू शर्मा, मदन पाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सरोजनी इंटर कालेज में मौजूद अतिथिगण।



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागीगण।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अपूर्वा रहे अव्वल

## न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में हुई थी प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में कक्षा 6, 7, 8 के अमीना सिद्दीकी, अपूर्वा, अनुश्री, अनन्या त्रिपाठी, गर्विता, अभिषेक पटेल, रक्षा, अंशिका शुक्ला, रीतेश यादव, मयंक शर्मा, हरित द्विवेदी ,माही जयसवाल, नवीन सरोज आदि छात्र छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें अपूर्वा ने प्रथम, अनुश्री सरोज ने द्वितीय और अंशिका शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रधानाचार्य बी के सोनी ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए बताया कि भारत में स्वामी विवेकानंद की जयन्ती प्रति वर्ष 12जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। हम सभी को स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलना चाहिए और देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर और अग्रसर रहना चाहिए। प्रबन्धक डॉ शाहिदा ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से सबको प्रेरणा लेना चाहिए। उन्होंने पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाली छात्राओं को बधाई भी दी।

# श्री कृपालु धाम मनगढ़ में दिया गया श्री राम मंदिर का पूजित अक्षत

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या धाम से पूजित अक्षत लेकर गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवेश एवं जिला प्रचारक सतीश जगतगुरु कृपालु महराज के जन्मस्थली श्री कृपालु धाम मनगढ़ पहुंचे, जहाँ पर ट्रस्ट के प्रबन्धक हीरू चटर्जी को पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्र सौपा गया। विभाग प्रचारक प्रवेश ने अनुरोध किया कि आप अयोध्या धाम दर्शन करने आये। आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या धाम में किया जायेगा। भगवान अपने भव्य धाम में विराजमान होंगे। उस दिन सभी लोग अपने आसपास के मंदिरों में पूजन पाठ करें। शाम को अपने घर को दीपक जलाकर रोशन करें। हम लोग उस दिन दीपावली मनाएंगे। इस दौरान नगर प्रचारक पीयूष, डाक्टर अजय शुक्ल, भूपेन्द्र पाण्डेय, विमलेश त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



ट्रस्ट के प्रबंधक को पूजित अक्षत देते विभाग प्रचारक प्रवेश।

## एसपी ने कई उप निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा कई निरीक्षक/उ0नि0/म0उ0नि0ना0पु0 का स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से किया गया जिसमें निरी0 सुधीर कुमार प्र0नि0 नवाबगंज से स्थानान्तरण सतर्कता अधिष्ठान उ0प्र0 लखनऊ हेतु कार्यमुक्त, निरी0 आलोक कुमार पुलिस लाइन से प्र0नि0 साइबर थाना, निरी0 अभिषेक सिरोही प्र0नि0 जेठवारा से प्र0नि0 फतनपुर, म0उ0नि0 रेखा देवी थाना कोहंड़ौर से स्थानान्तरण जनपद फतेहपुर हेतु कार्यमुक्त, म0उ0नि0 प्रीति कटियार विशेष जांच प्रकोष्ठ से थानाध्यक्ष कोहंडौर, उ0नि0 संजय पाण्डेय थानाध्यक्ष बाघराय से स्थानान्तरण जनपद फतेहपुर हेतु कार्यमुक्त, उ0नि0 निकेत भारद्वाज थाना उदयपुर से थानाध्यक्ष बाघराय, उ0नि0 राधेबाबू एसएसआई थाना लीलापुर से थानाध्यक्ष उदयपुर, उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह थाना फतनपुर से थानाध्यक्ष जेठवारा व उ0नि0 धीरेन्द्र ठाकुर थाना लीलापुर से थानाध्यक्ष नवाबगंज भेजे गये।

# कौशाम्बी संदेश

# स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजनान्तर्गत विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितरित

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित समारोह में राज्यस्तरीय विवेकानन्द यूथ अवार्ड एवं उ0प्र0 स्टार्टअप नीति के अन्तर्गत स्टार्टअप/इनक्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि व स्मार्ट टेबलेट का वितरण किया,इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयाजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन को सुना सांसद विनोद कुमार सोनकार एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया तथा स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना अन्तर्गत कृष्णा देवी महाविद्यालय सयारा, तिलकराज महाविद्यालय अलीपुर जीता तथा हनुमत पाल महाविद्यालय में अध्ययनरत कुल 28 विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितरित किया।

सांसद विनोद कुमार सोनकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने एक ऐसे आजाद भारत का सपना देखा था, जो जाति विहिन,धर्म विहीन, क्षेत्र विहिन हो एवं सर्व समाज के लिए कार्य हो और सर्व समाज के लिए समावेशी हो, नरेंद्र मोदी की सरकार एवं योगी की सरकार की चाहे विकास परक योजनाएं हो या देश में बदलाव के लिए बनाए गए कानून हो, किसी में जाति के आधार पर, धर्म के आधार पर एवं क्षेत्र के आधार पर निर्णय नहीं लिया गया।

## सांसद ने कहा कि केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं की केंद्र बिंदु युवा एवं महिलायें



जनपद कौशांबी में 10 हजार से ज्यादा स्मार्टफोन का वितरण युवाओं को बिना किसी भेदभाव के किया जा रहा है। देश में 5 करोड़ से ज्यादा आवास आवास दिए गए, 11 करोड़ से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाए गए एवं 11 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किया गया। 220 करोड़ से ज्यादा कोविड टीका लगाए गए,इस सबमें कोई भेदभाव नहीं किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वैज्ञानिकों पर भरोसा किया, जिसका परिणाम रहा कि हम महामारी के दौरान ही कोविड का टीका बनाने में सफल रहे। विश्व के अन्य देशों में भी कोविड का टीका लोगों की जान बचाने के लिए दिया गया।

उन्होंने कहा कि केन्द्र तथा प्रदेश सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा जाति, धर्म व क्षेत्र आदि में भेदभाव किए बिना देश हित में कानून बनाए गए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 7 लाख से अधिक सरकारी नौकरी लोगों को बिना किसी भेदभाव के दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। दुनिया का कोई भी देश, भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की केंद्र बिंदु युवा एवं महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि जब वे नशामुक्ति का अभियान चलायें तो साथी सांसद कहें कि नशामुक्ति अभियान चलाने का क्या मतलब हैं, इस पर उन्होंने कहा की सांसद का मतलब समाज का नेतृत्व करने वाला,भावी युवाओं को धूम्रपान व अपराध से मुक्त तथा शिक्षा युक्त रखना है।

उन्होंने कहा कि कौशांबी के गौरवशाली व वैभवशाली इतिहास को देश दुनिया में स्थापित करने का प्रयास, विगत, 10 वर्षों से लगातार कौशांबी महोत्सव का आयोजन कर किया जा रहा है। कौशाम्बी महोत्सव का उद्देश्य, कौशांबी की गौरवशाली एवं वैभवशाली इतिहास को विश्व पटल के मानचित्र पर स्थापित करके यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना तथा यहां के युवाओं का पलायन रोकना है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्य से कहा वे संकल्प लेकर के जाय कि अपने विद्यालय परिसर को नशा मुक्ति रखेंगे। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांसद खेल इस स्पर्धा का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। सांसद खेल स्पर्धा का उद्देश्य युवाओं को सक्षम एवं नशामुक्त बनाना है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानन्द हमेशा युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे है। स्वामी विवेकानन्द ने 1893 में शिकागों में अपने भाषण से भारतीय दर्शन संस्कृति एवं अध्यात्म का लोहा मनवा दिया था। स्वामी विवेकानन्द का जीवन दर्शन अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा युवाओं को सशक्त बनाये जाने के लिए टेबलेट एवं स्मार्ट फोन का वितरण किया जा रहा है। शासन द्वारा प्रोजेक्ट अलंकार एवं आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों का सुदृढीकरण किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए और बेहतर माहौल मिल सकें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा अनेक योजनाओं के तहत युवाओं के स्किल विकास के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहे है। शासन द्वारा स्वरोजगार एवं स्टार्टप की स्थापना के लिए अनेक योजनायें सचालित की जा रही है। उन्होंने कहा की आप लोग निरन्तर परिश्रम करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें, प्रशासन द्वारा हरसम्भव सहयोग किया जायेंगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल ने भी सम्बोधित किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड, जिला विद्यालय निरीक्षक एस0एन0 यादव एवं प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अंशू मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## साइकिल सवार को ट्रैक्टर ने रौंदा मौके पर मौत

**बेनीराम कटरा कौशांबी** सराय अकिल थाना क्षेत्र के भगवानपुर पुलिस चौकी अंतर्गत बहुगुरा गांव के पास साइकिल सवार अधेड़ को अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने रौंद दिया है जिससे साइकिल सवार की मौके पर मौत हो गई है मौके पर पहुँची भीड़ ने ट्रैक्टर चालक को वाहन समेत पकड़ लिया है और पुलिस के हवाले कर दिया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ के रहने वाले जगदीश नारायण उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय जीत नारायण शुक्रवार को दोपहर 2 बजे साइकिल से कहीं जा रहे थे जैसे ही वह बहुगुरा गांव के पास पहुंचे उनकी साइकिल की चैन उतर गई है वह साइकिल की चेन ठीक करने लगे इसी बीच अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने उन्हें रौंद दिया है जिससे उनकी तड़पकर मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई आसपास के लोगों ने ट्रैक्टर चालक को वाहन समेत रोक लिया है मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 15 जनवरी तक स्कूल में अवकाश

**कौशाम्बी** कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों में शीतलहर और ठंड के चलते जारी अवकाश को 15 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया गया है।अब जिले के कक्षा 01 से लेकर 08 तक के सभी स्कूल 15 जनवरी तक पूरी तरह से बंद रखे जाएंगे। इस आशय का निर्देश कौशाम्बी बीएसए कमलेंद्र कुशवाहा ने सभी एबीएसए को भेज दिया है,उन्होंने निर्देशित किया है कि आदेश का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें। जिले में ठंड का सितम दिनोदिन बढ़ता जा रहा है,गुरुवार को हुई कड़ाके की धूप के बाद शुक्रवार को ठंड के साथ कोहरे का प्रकोप और अधिक बढ़ गया, दोपहर एक बजे तक तो सड़कों पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। बढ़ी ठंड को देखते हुए बीएसए ने जिले भर के कक्षा 01 से 08 तक के सभी सरकारी गैर सरकारी स्कूलों को 15 जनवरी तक बंद कर दिया है। उन्होंने इसके लिए सभी एबीएसए को निर्देशित किया है कि अवकाश के दौरान उनके ब्लॉक क्षेत्र में कोई भी स्कूल खुला नहीं मिलना चाहिए, कोई स्कूल खुला मिले तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।बीएसए का आदेश मिलने के बाद सभी एबीएसए ने अपने-अपने ब्लॉक क्षेत्र के सभी प्रकार के स्कूलों के जिम्मेदारों को निर्देशित कर दिया है।

## नोडल अधिकारी विशेष सचिव राजस्व ने निराश्रित गोवंशों के संबंध में की बैठक



**कौशाम्बी।** नोडल अधिकारी/विशेष सचिव राजस्व अनुराग पटेल द्वारा उदयन सभागार में निराश्रित गोवंशों के संबंध में बैठक की गई बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ए0 के0 सागर ने बताया कि जनपद में कुल 84 गो-आश्रय स्थल है, जिसमें 04 वृहद गो-संरक्षण केंद्र एवं 11 कान्हा गौ-आश्रय स्थल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में 13817 लक्ष्य के सापेक्ष 14728 गोवंशों को विभिन्न गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जा चुका है। नोडल अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि गौ-आश्रय स्थलों के लिए चिन्हित चरागाहों में शत-प्रतिशत नैपियर घास की बुआई सुनिश्चित किया जाय तथा निमार्णाधीन गौ-आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि गौ-आश्रय स्थल में गोवंशों को ठंड से बचाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं यथा-अलाव आदि सुनिश्चित किया जाय, किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि सभी गौ-आश्रय स्थल में पर्याप्त भूसा चारा सहित आदि व्यवस्थाएं हमेशा सुनिश्चित रखी जाय। उन्होंने कहा कि स्थायी/अस्थायी गौ-आश्रय स्थल में छोटे गोवंशों को उसी गौ-आश्रय स्थल में अलग से बैरीकेडिंग करके रखना सुनिश्चित किया जाय, जिससे बडे गोवंश छोटे गोवंशों को हानि न पहुँचा सकें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि केयरटेकर रात में गौ-आश्रय स्थल में रुके। इसके साथ उन्होंनें नियमित रूप से गौ-आश्रय स्थलों की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा गौ-आश्रय स्थलों के स्टॉक रजिस्टर एवं पशुओं का सुपुर्दगी रजिस्टर अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को नियमित रूप से गौ-आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाकर सहभागिता योजना के तहत गोवंशों को सुपुर्दगी में देने का कार्य किया जाय, विशेष कर कुपोषित बच्चों के परिजनों को दुधारू गाय सुपुर्द किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरते इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अधिशाषी अधिकारी ने गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण कर जिम्मेदारों को दिया निर्देश

### बिना काऊ कोट गौवंशों को देख क्रोधित हुई अधिशाषी अधिकारी



**अझुवा कौशांबी** भीषण कड़ाके की शीतलहरी , हड़कपाउ ठंड और घने कोहरे के बीच अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह ने अचानक कान्हा गौशाला अझुवा का निरीक्षण कर जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं उन्होंने मातहतों को मानक के अनुरूप गौवांशों को चारा पानी चुनी चोकर , काऊ कोट,रखे गए गौवांशो को शीतलहर से बचाने के लिए तिरपाल डालने की भी व्यवस्था देखी बीच बीच में अलाव जलाने के निर्देश दिए उन्होंने गौवंशों को खिलाने वाले भूसे,अलाव एवम साफ सफाई की व्यवस्था भी देखी मौके पर कर्मियों की कार्य प्रणाली पशुओं की चरही में भूसा ,बीच बीच में आग के जल रहे अलाव,तिरपाल की व्यवस्था दुरुस्त देख संतुष्ट दिखी हैं बगैर काऊ कोट गौवंशों को देख अधिशाषी अधिकारी गुस्सा हो गईं इस पर गौशाला में कार्यरत मजदूर ने बताया साहब गौवंश लात मार देते हैं ।काऊ कोट पहनते नही,काऊ कोट बांधने में हमला कर देते हैं।इस समय धूप दिनभर नही निकलती अधिकतर समय पशु तिरपाल के अंदर ही रहते हैं। वहीं नगर कर्मियों के अनुसार प्रति पशु 50 रुपए सरकारी धन आवंटित होता है जिसमे पशु के आहार विहार सहित चुनी चोकर हरा चारा की व्यवस्था की जा रही है । नगर कर्मियों ने नगर वासियों से अपील कर कहा लोगों के घरों शादी विवाह, जन्मोत्सव एवम विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होते रहते हैं लोग खाना एवम तमाम पदार्थ बचने पर फेंक देते हैं यदि लोग बचे हुए खाना,खाद्य पदार्थों आदि की नगर कार्यालय में सूचना दें तो इन आवारा संरक्षित गौवांशों के लिए गाड़ी,वाहन भेजकर मंगवाया जा सकता है।

## हाड़ कपाने वाली ठंड में अलाव के नहीं हुए पर्याप्त व्यवस्था

**कौशांबी** उत्तर प्रदेश सरकार के बार-बार निर्देश के बाद भी नगर ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था प्रशासन नहीं कर सका है जिससे आम जनमानस ठंड के प्रकोप से व्याकुल हो रहा है जनपद मुख्यालय में मंझनपुर के नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अति व्यस्त ओसा चौराहा पर नगर पालिका द्वारा अलाव की व्यवस्था न कराए जाने से शुक्रवार को सुबह ठंड से कापते लोग देखे गए हैं पूरे चौराहे पर कहीं भी अलाव जलता नहीं दिखाई पड़ रहा है हालांकि सरकारी अभिलेखों में अलाव जलाने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं भारी भरकम रकम सरकारी खजाने से अलाव जलाने के नाम पर निकाले जा रहे हैं लेकिन हकीकत में अलाव की व्यवस्था सरकारी विभागों द्वारा पर्याप्त तरीके से नहीं की गई है अलाव जलाए जाने में हेरा फेरी के इस मामले की यदि जाँच कराई गई तो बड़े करनामें उजागर होंगे



## बुजुर्गो की सेवा से मिलता है आत्मिक सुख : अजय सोनी

### सकिपा अध्यक्ष ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बृद्धजनों को बांटा कम्बल

**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी के अध्यक्ष अजय सोनी ने अपने कार्यकताओं के साथ शुक्रवार को ओसा स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर बृद्धजनो को कम्बल बांटा। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक आलोक रॉय भी मौजूद थे।शुक्रवार को दोपहर दो बजे समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने कई कार्यकताओं के साथ ओसा स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे और बृद्धजनों को ठंडी से राहत के लिए कम्बल बांटा। इस अवसर पर बृद्धजन कम्बल पाकर गदगद हुए और प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि वृद्धजनों की सेवा से आत्मिक सुख प्राप्त होता है। आगे कहा कि मानव सेवा ही सर्वोत्तम सेवा है। ऐसे ठंड के समय बुजुर्ग जनों को कम्बल देने से अपने को सुखद अनुभूति होती है। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक आलोक रॉय, पार्टी के प्रदेश महासचिव मनोज सोनी, राम बालक वर्मा, अमन गुप्ता, उमेश सोनी, सुरजीत वर्मा, वसीम अहमद, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

## दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मूरतगंज ब्लॉक में किया मीटिंग



**हर्रायपुर कौशाम्बी** मूरतगंज ब्लॉक में दीनदयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बैठक खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने सैकड़ो महिलाएं के साथ किया खंड विकास अधिकारी ने कहा की समूह तो मेरी जिंदगी है उन्होंने कहा एक छोटे से बीज में विशाल बीज का स्वरूप भी छिपा रहता है परंतु दिखता नहीं ठीक ऐसे ही समूह में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के साथ-साथ सशक्त संपन्न आत्मनिर्भर महिलाओं की ताकत समाहित रहती है एक बीज को जमाने के लिए मिट्टी खाद पानी छाया स्नेह देखरेख की आवश्यकता होती है बाद में यह बीज पौधा बनाकर विशाल वृक्ष का स्वरूप ग्रहण कर लेता है और राहगीरों को छाया ठंडी हवा स्वादिष्ट फल संतोष और सुखद अहसास देता है ऐसे ही समूह में भी एक परिपक्व अवस्था में पहुंचकर गरीब परिवारों को आत्मनिर्भरता भरोसा अपनापन हिम्मत सहयोग एकता ताकत निडरता शोषण से मुक्ति हक का इस्तेमाल करने के अवसर आर्थिक सम्पनन्ता एवं सुखद अहसास देता है इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी जानवी शरण ब्लॉक मिशन मैनेजर अर्पित मिश्रा आदि सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहे

## प्रभाषगिरि पभोषा का मेला 14, 15 को

**कौशांबी।** जनपद कौशांबी में यमुना किनारे कौशांबी विंध्य पर्वत श्रृंखला से जुड़ा ऐतिहासिक प्रभाषगिरि है। पभोषा पहाड़ के नाम से विख्यात यह पर्वत हिंदू और जैन धर्मावलंबियों का तीर्थस्थल भी है। जैन शास्त्रों के मुताबिक कौशांबी में जन्मे छठें तीर्थंकर भगवान पद्मप्रभ ने तप किया था। 14 जनवरी के दिन ही छठें तीर्थंकर को इसी प्रभाषगिरि से ज्ञान की प्राप्त हुई थी। तभी से यहां 14 जनवरी यानी मकर संक्रांति पर मेला लगता आ रहा है। जैनधर्म की तीर्थस्थली होने के साथ ही यहां प्राचीन बहुल धाम भी है। प्रभाषगिरि की चोटी पर बसा बहुल धाम मंदिर है।मंदिर की स्थापना वर्ष 1824 में कराई गई थी। मकर संक्रांति के पर्व पर बहुलधाम में पूजन और खिचड़ी दान की भी परंपरा रही है। प्रतिवर्ष यहां मकर संक्रांति पर्व पर कौशांबी के अलावा चित्रकूट, बांदा, महोबा, फतेहपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़,समेत अन्य जनपदों से हजारों लोग मेला देखने आते हैं। प्रभास गिरी क्षेत्र में लगने वाला यह मेला ऐतिहासिक है

## आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम निरंतर चल रहा है : कविता



**भरवारी कौशाम्बी** नगरपालिका परिषद भरवारी के वार्ड नम्बर 15 देहदानी रमाशंकर नगर सिंधिया व परसरा चौराहे पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी ने सहभागिता की। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं के कार्ड वितरित किए तथा ग्रामवासियों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देने की शपथ दिलाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका परिषद भरवारी अध्यक्ष कविता पासी पहुंचकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में जानकारी दी। नगरपालिका परिषद अध्यक्ष ने कहा कि आखिरी पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति तक राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम निरंतर चल रहा है, जिससे समस्त भारतवासी तक सरकार की योजनाएं पहुंचे और जनता योजनाओं का लाभ ले सकें। इसी कड़ी में सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना आदि तमाम योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रही सोनिया राजपूत, भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, सभासद प्रतिनिधि शंकर लाल, बच्चा केसरवानी, राममिलन चौधरी, दीपचन्द्र दिवाकर, सभासद सुरेन्द्र सहित नगर प्रशासन के अधिशाषी अधिकारी कृष्ण कुमार राय, लिपिक बब्लू गौतम, राकेश सरोज सहित डूडा के अधिकारी व अन्य विभाग के कर्मचारी सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## फिर से संसद के अंदर संजय सिंह की गूंजेगी आवाज : मोहम्मद असद



**कौशांबी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इकट्ठा हो कर उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह को दुबारा राज्यसभा सांसद चुने जानें पर केजरीवाल को धन्यवाद देने का कार्यक्रम आयोजित किया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहम्मद असद ने किया जिसमें जिले के सभी कारकर्ताओ ने मिठाई एवम लड्डू वितरित कर जश्न मनाया कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष ने कहा कि फिर से संसद के अंदर संजय सिंह की आवाज गूंजेगी गरीबों पिछड़ों एवम नवजवानों की आवाज उठाने वाले देश के लोक प्रिय सांसद संजय सिंह जिंदाबाद के नारे लगाए इस दौरान जिला अध्यक्ष मोहम्मद असद श्याम लाल पाल सूरज बाली सक्या राम सुफल बिमल सुख राम सरोज मीना देवी रति देवी धर्मपति भान मति निराशा देवी दिवली देवी भानु पासी प्रमेश प्रजा पति एवम अन्य दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## आरएसएस के कार्यकताओं ने अक्षत निरंतर वितरित किया



**महेवाघाट कौशाम्बी** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने अक्षत निरंतर वितरित किया एवं 22 जनवरी को भगवान राम श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में बैरागीपुर चौराहे से राजापुर हनुमान मंदिर तक ध्वज यात्रा डीजे के साथ निकलेगा जिसमें मुख्य शिक्षक के रूप में अशोक कुमार सोनी (एडवोकेट) विकास सोनी कमलेश सोनी सिपाही लाल सोनी आशीष केसरवानी महेंद्र विश्वकर्मा गुड्डन सोनी हनुमानदीन सोनी दिनेश केसरवानी कोटेदार बृजेश सोनी बलराम कमल आदि लोग रहे

## धर्मा देवी इं.कालेज केन में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयन्ती



**कौशाम्बी** धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयन्ती पर नशा मुक्त अभियान के नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कौशाम्बी विनोद कुमार सोनकर रहे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमे नशा मुक्त इकाई के सदस्य सुश्री आकांक्षा एवं स्वप्निल एवं कार्यक्रम के संयोजक पंकज सोनकर ने बच्चो से रूबरू होकर नशा मुक्त हेतु तार्किक वातार्लप किया। जिस क्रम में छात्र-छात्राओं ने तकनीकी ज्ञान प्राप्त करते नशा मुक्त इकाई के सदस्यों से अपनी जिज्ञासाएँ भी व्यक्त की,जिसमे मितेन्द्र सिंह एवं इंशा जिया आदि कई बच्चों ने जिज्ञासा परख प्रश्नों का समाधान किया। मुख्य अतिथि सांसद विनोद सोनकर द्वारा नशा मुक्ति एवं विकसित भारत संकल्प पर शपथ दिलायी गयी। भोपाल में आयोजित हुयीं राष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में कौशाम्बी जनपद को गौरवान्वित करने धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की तीन छात्राओं मधु देवी,रेशमा देवी एवं शिखा वर्मा को सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी ने आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस कार्यक्रम के अवसर पर शीतला प्रसाद पटेल(पूर्व विधायक) चन्द्रकान्त पाण्डेय मनोज कुमार आदि गणमान्य एवं छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहें। संचालन रामशंकर सिंह ने किया।

## अधिवक्ता सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन



**कौशाम्बी** मकर संक्रांति के पूर्व जनपद न्यायालय के अधिवक्ताओं में खिचड़ी भोज आयोजित किया जिसमें तमाम अधिवक्ता और अन्य लोगों ने खिचड़ी का आनंद उठाया अधिवक्ता सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज का माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद प्रत्याशी दिलीप कुमार पाण्डेय एडवोकेट के द्वारा आयोजित किया गया।जिसमे हजारों अधिवक्ता बंधुओं ने पहुंच कर दिलीप कुमार पाण्डेय को इस भव्य कार्यक्रम के लिए बधाई दी और खिचड़ी भोज का आनंद लिया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समस्त वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता साथियों ने हिस्सा लिया।

## उपाध्यक्ष पद पर कमलेश चंद शर्मा निर्वाचित



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी** ममता देवी चैरिटेबल ट्रस्ट निर्गुंडी आश्रम की एक बैठक ममता अपार्टमेंट परिसर भोपतपुर उपरहार में संपन्न हुई है बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रामकुमार दास ने की है और संचालन सचिव रामसजीवन ने किया है उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से कमलेश चंद शर्मा निर्वाचित किए गए हैं उन्हें लोगों ने बधाई दी है

## भदोही जनपद से गिरफ्तार हुआ गला रेतकर बाइक, मोबाइल रुपए लूटने वाला आरोपी

**कौशाम्बी** जिले में बुधवार को युवक रिंकू पाल का गला रेतकर बाइक,मोबाइल और रुपए लूटने वाले आरोपी युवक को कोखराज पुलिस ने भदोही जनपद से गिरफ्तार कर लिया है,आरोपी ने महज शराब पीने को लेकर हुए विवाद के चलते चाकू से गला रेतने की बात बताई है। सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढ़ा निवासी युवक रिंकू पाल को आरोपी ने लिफ्ट लेकर शराब पिलाई और फिर उसे कोखराज थाना क्षेत्र के असवा के पास उसका चाकू से गला रेत दिया और कई जगह चाकू मारने के बाद उसकी बाइक,मोबाइल और रुपए लेकर फरार हो गया था। घटना की सूचना पर कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी चौकी प्रभारी सिपाहियो के साथ पहुंचे और उसे जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा और जांच में जुटे हुए थे,मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद आरोपी राजू सरोज पुत्र जवाहर निवासी मीरापुर थाना करारी को भदोही जनपद से गिरफ्तार कर लिया है ।पुलिस ने लिखापढ़ी कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।वही घायल रिंकू पाल को गंभीर हालत में प्रयागराज एसआरएन में भर्ती किया गया है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**कौशाम्बी** जिले के कौशाम्बी थाना क्षेत्र में दो साल पहले छोटकी देवी के ऊपर जान से मारने की नियत से चाकू से हमला किया गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। इस सम्बन्ध में पुलिस ने धारा 302 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था,जिससे सम्बन्धित अभियुक्त राजुल उर्फ राजकुमार पुत्र रज्जन सरोज नि० जुगराजपुर थाना सराय अकिल को पुलिस ने जेल भेजा था,पुलिस की पैरवी पर शुक्रवार को न्यायालय एडीजे प्रथम ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है,वही इस पर 30 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

## सकिपा की चौपाल आज

**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे कल दिनांक 13 जनवरी शनिवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम मोंगरी कड़ा, महंदापुर और नारा मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेगा। चौपाल के माध्यम से पार्टी की नीतियां जन जन तक पहुंचाने एवं ग्राम स्तर पर पार्टी के गठन का कार्य किया जायेगा। ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

# जिले के 562 गांवों से दूर होगी पानी की समस्या: डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट परिसर से जल जीवन मिशन के तहत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल निगम ग्रामीण उप्र नमामिगंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के हर घर नल हर घर जल संकल्प रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में पानी की समस्या को काफी दिक्कतें होती थीं। केंद्र व राज्य सरकार ने जिले में पानी की समस्या दूर करने को कार्य योजना समेत पानी देने का कार्य किया है। उन्होने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के 562 गांवों में पाइप लाइन से पानी दिया जायेगा। उन्होंने आम जनता से अपील किया कि पानी का सदुपयोग करें, पानी की बबार्दी न हो। इस मौके पर एडीएम नमामिगंगे सुनंदू सुधाकरण आदि मौजूद रहे।



जल जीवन रथ को हरी झंडी दिखाते डीएम।

## एनएच राम वन गमन को करें भूमि अधिग्रहण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने एनएच 731 राम वन गमन मार्ग में चित्रकूट बाईपास निर्माण को भूमि अधिग्रहण एवं नान फॉरेस्ट लैंड को लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में उन्होंने एनएच राजापुर व तहसीलदार कर्वी को निर्देश दिये कि भूमि निरीक्षण करें, कोई समस्या न होने पाये। जिस स्थान पर आबादी है, वहां तालमेल से कार्य में तेजी लायें। एसडीएम कर्वी, मानिकपुर, राजापुर को निर्देश दिये कि राम वन गमन मार्ग को सरकारी भूमि का सर्वे कर उपलब्ध करायें। अधिशासी अभियंता एनएच प्रयागराज को निर्देश दिये कि मोहरवां, राजापुर बाईपास के पास निरीक्षण करें। एनएच प्रयागराज से रोड लाइट, स्ट्रीट लाइट बाबत जानकारी ली। एएसडीएम पंकज वर्मा व संबंधित को निर्देश दिए कि टाइमलाइन अनुसार कार्य करायें। बैठक में एडीएम श्रीमती वन्दिता श्रीवास्तव, एसडीएम मऊ राकेश पाठक, कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर रामजन्म यादव आदि मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस परेड की एसपी ने कराई तैयारी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण दौरान उन्होंने कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया। पुलिस लाइन में चल रही गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियों का जायजा लेकर सुधार को निर्देश दिये।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन की परिवहन शाखा, पुलिस लाइन मेस, सीपीसी कैंटीन, आरओ प्लांट, ऑफिसर्स क्लब, आरक्षी बैरिक, डायल 112 कार्यालय, आरओआईपी कार्यालय, जिला नियंत्रण कक्ष, साइबर थाना, फील्ड यूनिट, मंदिर, पुलिस लाइन आवासीय परिसर, स्टोर, क्वार्टर गार्द, गणना कार्यालय, जीडी कार्यालय का निरीक्षण किया। मेस में भोजन की गुणवत्ता में सुधार व बैरिक तथा आवासीय परिसर में साफ-सफाई के प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिए। उन्होंने स्टोर निरीक्षण दौरान स्टोर मुहर्रिर को स्टोर में पड़े कंडम सामान व थानों से कंडम सामान को मंगवाकर निस्तारण के निर्देश दिये। आदेश कक्ष में कर्मचारियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर सीओ लाइन्स/ कार्यालय/ट्राफिक राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।



परेड में सुधार के निर्देश देते एसपी।

## यादव महासभा ने भंडारा कर बांटे कम्बल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय यादव महासभा ने चित्रकूट में भंडारा किया। साधु-संतों को कम्बल भी बांटे।

गुरुवार को अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष देवराज यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष विद्यासागर यादव, जिला अध्यक्ष डीआर यादव बांदा, जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव चित्रकूट समेत बांदा-चित्रकूट की पूरी टीम की मौजूदगी में यादव महासभा के धर्मशाले में भंडारा हुआ। भंडारे में साधु-संतों समेत तमाम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर साधु-संतों को यादव महासभा ने जाडे से बचाव को कम्बल बांटे।



भंडारे में प्रसाद देते यादव महासभा के लोग।

## प्रधान-सचिव मिलीभगत से खपटिहा के हाल-बेहाल

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** प्रधानी के चुनाव आने पर प्रधान पद प्रत्याशी बड़े-बड़े वायदे करते हैं। विकास के दावे करते हैं। प्रधान पद जीतने पर सारे दावे हवा-हवाई हो जाते हैं। गांवो की दशा ऐसी है कि लोग रहने से कतराने लगे हैं।

शुक्रवार को मऊ ब्लाक के खपटिहा गांव के प्रधान व सचिव पर ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाये। ग्रामीण अजीत द्विवेदी ने बीडीओ को सौंपे पत्र में कहा कि गांव की सडक में गंदगी है, नालियां जाम हैं। सफाई कर्मी आते नहीं है। प्रधान से कहो तो कहते हैं जो करना हो, करो। सफाई कर्मी जब आयेगा, तभी सफाई होगी। राजेंद्र जायसवाल ने कहा कि प्रधान की जगह कोटेदार पूरा काम देख रहा है, जो सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति को आईना दिखा रहा है। घर के सामने खड़ंजा मानकविहीन आधा-अधूरा क्यों छोड़ा, जवाब दें। सफाई कर्मी के न आने से लोग खुद सफाई करने को मजबूर हैं। घर के बगल में मंदिर है, भीषण गंदगी है। आरटीआई से जानकारी मांगी है। मनरेगा काम में फर्जी जाबकार्ड भरे हैं। पूरे गांव की दुर्दशा है। सरकारी धन का बंदरबांट हो रहा है। गांव के नारायणदत्त द्विवेदी ने कहा कि पचास लाख से ऊपर के काम हुए हैं। मनरेगा में नब्बे जाबकार्ड फर्जी हैं, इनसे दो-दो हजार रुपए लिए जा रहें हैं। सचिव अनूप मिश्रा से सम्पर्क किया तो फोन काट दिया।



खपटिहा गांव की दलदल भरी सडक।



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

## सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग हो अच्छी: डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राजस्व कार्यों व कर करेत्तर, चकबंदी, राजस्व बाबत सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक में मातहतों को निर्देश दिये कि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग जिले में अच्छी होनी चाहिए। शुक्रवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने एडीएम से कहा कि जिन बिंदुओं पर फीडिंग समस्या है, निस्तारण शासन स्तर से करायें। एसडीएमों से कहा कि पुलिस भर्ती में निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र समय से जारी करें। पांच वर्ष से अधिक लंबित वाद का तत्काल निस्तारण करें। तहसीलदारों को निर्देश दिए कि जिनकी आरसी वसूली संभव नहीं है, संबंधित विभागों को लौटाकर निस्तारित करायें। जिला खनिज अधिकारी से कहा कि आईएमएसएस अनुसार प्रवर्तन कार्य को बढ़ावा दें। डूडा से कहा कि पीएम आवास शहरी निर्माण तेजी से करायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करायें। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पेशकार के घर हुई चोरी का नहीं हुआ खुलासा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अपर जिला जज कक्ष संख्या एक के पेशकार राधेश्याम यादव पुत्र स्व आरडी यादव ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि छह सितम्बर को सवेरे नौ बजे से अपरान्ह एक बजे के बीच दिन-दहाडे सरकारी आवास का दरवाजा तोडकर चोरी कर ली गई थी। इस चोरी का आज तक खुलासा नहीं हुआ। शुक्रवार को पेशकार राधेश्याम यादव ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि दिन-दहाडे उनके घर में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी घटना का खुलासा नहीं हुआ। जिस दिन चोरी हुई थी पत्नी इलाज कराने जानकीकुण्ड गई थी। चोर घटना को अंजाम देकर दरवाजा खुला छोड गये थे। पडोसियों से सूचना मिलने पर देखा तो चोर सोने-चांदी के जेवर समेत काफी सामान चुरा ले गये थे। पुलिस चोरों को आज तक नहीं पकड सकी। उन्होंने मांग किया कि चोरी का जल्द खुलासा कर माल बरामद किया जाये।

# अनुष्का फाउंडेशन-एसबीआई से जिला अस्पताल में खुला क्लबफूट क्लीनिक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल में क्लबफूट क्लीनिक के शुभारभ में आर्थोपेडिक डॉ रोहित, डॉ एके मोहन व डॉ धर्मपाल ने क्लबफूट के 12 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया।

क्लबफूट को खत्म करने को अनुष्का फाउंडेशन ने जिला अस्पताल में क्लबफूट क्लीनिक शुरू किया। अनुष्का फाउंडेशन गैर लाभकारी संगठन देश में क्लबफूट को खत्म करने को प्रतिबद्ध है। जिला अस्पताल में प्रत्येक गुरुवार को कमरा नंबर दो में क्लबफूट क्लीनिक में बच्चों का निःशुल्क इलाज होता है। एसबीआई फाउंडेशन के साथ साझेदारी में आर्थोपेडिक डॉक्टर इलाज करते हैं। क्लबफूट जन्मजात विकृति है, जो भारत में आठ सौ नवजात शिशुओं में से एक को प्रभावित करती है। इलाज न करने या अधूरा करने से बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं। उन्हें आजीवन विकलांगता झेलनी पडती है। उचित इलाज से क्लबफूट पूरी तरह संभव है। आजीवन विकलांगता से बचा जा सकता है। क्लबफूट के इलाज से व बाद में होने वाली विकलांगता को रोका जा सकता है। प्रभावित लोगों के जीवन को बदलने में मदद मिलती है। क्लबफूट को खत्म करने को अनुष्का फाउंडेशन क्लबफूट लागू करने को उप्र सरकार से साझेदारी की है। क्लबफूट उपचार बाबत जागरूकता पैदा करने को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना, आशा कार्यकताओं, स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों व अन्य चिकित्सा कर्मियों से मिलकर काम कर रहा है।

### क्लीनिक में बच्चों का निःशुल्क इलाज


एसबीआई फाउंडेशन ने उप्र के 15 जिलों में क्लबफूट क्लीनिक बनाये हैं। चित्रकूट जिले में भी क्लीनिक है। क्लीनिक में बतौर मुख्य अतिथि सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा, आरबीएस के डीईआइसी अनुष्का फाउंडेशन के ज्योति राव, कास्टिंग टेक्निशन शिवम, अभिलाष मौजूद रहे।

## आईजी-डीआईजी ने चरण पादुका यात्रा मार्गों को देखा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर व डीआईजी बांदा अजय कुमार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने 15 जनवरी से शुरू होने वाली श्रीराम चरण पादुका यात्रा के मार्गों का निरीक्षण किया। वे सर्वप्रथम भरतकूप मंदिर पहुंचे।

शुक्रवार को उच्चाधिकारियों ने भरतकूप मंदिर से रामसइया से खोही तिराहा से निर्मोही अखाड़ा से रामायण मेला परिसर होते हुये बेड़ीपुलिया के सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। सम्बन्धित को यात्रा दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। कहा कि यात्रा दौरान पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायें, ताकि जिले में यात्रा सकुशल सम्पन्न हो सके। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द, पीआरओ प्रदीप पाल, प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



मार्गों का निरीक्षण करते आईजी-डीआईजी।

## संदिग्ध दशा में युवक की मौत मामले में चार पर रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर थाने के गढ़चपा गांव में अवधेश द्विवेदी की हुई संदिग्ध मृत्यु के मामले में पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि/भाजपा नेता समेत चार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। गुरुवार को गढचपा गांव के अवधेश द्विवेदी (35) की संदिग्ध दशा में मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिजनों ने प्रधान प्रतिनिधि समेत चार लोगों पर जहरीली शराब पिलाकर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजने का प्रयास कर रही थी। परिजनों की तहरीर पर कार्यवाही नहीं हो रही थी। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया था। पुलिस ने परिवार की बात मानते हुए मामला दर्ज किया।

## विवेकानन्द की मनाई जयंती

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के जारी एक्शन प्लान के तहत जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में जिला बार एसोसिएशन में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों व विचारों के अनुपालन की जरूरत है। शुक्रवार को बार एसोसिएशन हाल में जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि युवा वही है, जो दिल-दिमाग से युवा है। वकील कभी बूढ़ा नहीं होता, वह हमेशा युवा रहता है। जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो, तब तक उसे कार्य में लगा रहना चाहिये। इस मौके पर पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राकेश कुमार यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव फारुख इनाम सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता परिषद सत्य प्रकाश राय, सुशील कुमार त्रिपाठी एड, सूर्यबली त्रिपाठी एड, रामप्रसाद सिंह एड, हेमराज सिंह, अशोक कुमार गुप्ता एड, आदर्श कुमार श्रीवास्तव एड आदि मौजूद रहे।

## अभियान में नहीं मिले बेसहारा बच्चे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बाल अधिकार संरक्षण आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी की देखरेख में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के बतौर 12 से 31 जनवरी तक चिल्ड्रन इन स्ट्रीट सिचुएशन अभियान के तहत सड़क पर रहने वाले बच्चों के बचाव व पुनर्वास की शुरूआत चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन से हुई। शुक्रवार को अभियान में बेसहारा सड़क किनारे रहने वाले, स्टेशन परिसर में रहने वाले कोई भी बच्चे नहीं मिले। अभियान में जीआरपी प्रभारी व कांस्टेबल रेलवे स्टेशन समेत बाल संरक्षण अधिकारी डा सौरभ सिंह, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राकेश माथुर, राजेश दुबे, महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर, जिला समन्वयक मीनू सिंह, सोशल वर्कर अर्जुन यादव मौजूद रहे।

## 344 लोगों का विभिन्न कम्पनियों ने किया चयन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** एक दिवसीय रोजगार मेले में राऔप्रसं कौशल विकास मिशन व जिला सेवायोजन के संयुक्त प्रयास से गल्ला मंडी परिसर सेवायोजन कार्यालय कसहाई रोड में 12 से अधिक कम्पनियां शामिल हुईं। 580 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। शुक्रवार को रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों ने 344 अभ्यर्थियों का चयन किया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, प्रधानाचार्य आईटीआई/जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन जितेन्द्र शुक्ला, जिला सेवायोजन अधिकारी पीपीसी शर्मा ने दीप जलाकर रोजगार मेले का शुभांरभ किया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित कर रोजगार मेले का समापन किया।

## सुभाष क्लब को रायबरेली ने सात विकेट से रौंदा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूनार्मेंट ग्रुप डी का दूसरा लीग मैच सुभाष स्पोर्टिंग क्लब व रायबरेली के बीच हुआ। सुभाष ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.3 ओवर में ऑल आउट हो गई। 97 रन बनाकर 98 का लक्ष्य दिया।

शुक्रवार को सुभाष से बल्लेबाजी करण ने 34 गेंद में 21 रन, कमलेश ने 30 गेंद में 19 रन बनाये। रायबरेली से जय मयंक ने 3.3 ओवर में नौ रन देकर चार विकेट, सचिन ने दो ओवर में 12 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य पाने को रायबरेली ने तीन विकेट खोकर 6.2 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

रायबरेली से मयंक ने 24 गेंद में 69 रन, आशुतोष व अजय ने चार गेंद में दस रन की पारी खेली। सुभाष से विजय ने तीन ओवर में 19 रन देकर दो विकेट, कमलेश ने एक ओवर में 36 रन दिए। मैन ऑफ द मैच मयंक रहे। रायबरेली ने मुकाबले को सात विकेट से अपने नाम किया।

मैच के मुख्य अतिथि जैनेलबुदिन, शिवसागर, विश्वबंधु, विकाश मिश्रा, विनय मिश्रा, रोहन, विपिन पयासी, ब्रजेंद्र शुक्ला, अनुज निगम, अंपायर प्रेम नारायण व हैदर जहान, स्कोरर विजय, सौरभ नाहर, समसुद्दीन, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

# अब दिखने लगी है कुशवाहा की काली कमाई

### होर्डिंग-बैनरों से लुभा रहे लोकसभा के दावेदार, दावेदारों में ज्यादातर को नहीं पता लोस में कितने हैं बूथ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के चैराहा समेत विभिन्न क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नये वर्ष व मकर संक्रान्ति पर्वों पर नेताओं के बधाई देने की होडिंगें टंग गई हैं। ये होडिंगें तो महज बानगी हैं, होडिंगें तो तमाम ऐसे लोगों की भी लगी है जो बसपा सरकार में कद्दावर मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा की काली कमाई से लाल- बाल हैं, अब ये भाजपा में हैं। लोकसभा चुनाव लडने के यूं तो तमाम दावेदार हैं। इन दावेदारों में बहुतों को ये नहीं पता कि लोकसभा चुनाव में कितने बूथ हैं व सबसे बडा बूथ कौन सा है। यहां तक कि ये भी नहीं पता कि कितने ब्लाक व तहसीलें हैं। ये दावेदार कुछ तो अपनी दौलत का प्रदर्शन कर रहे हैं, कुछ दावेदारों को लोकसभा की कोई जानकारी नहीं है। कुछ दावेदार तो बसपा सरकार में कद्दावर मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा की काली कमाई का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो अब भाजपा में काली कमाई छुपाने को शामिल हो गये हैं, ताकि ऐसे लोगों की जांच कर कार्यवाही न हो सके। लोकसभा के दावेदार इन दिनों इस कदर छाये हुए हैं, जैसे लोकसभा का चुनाव न हो- वार्ड मेम्बरी का चुनाव हो। लोकसभा के दावेदारों के पोस्टर, बैनर, होर्डिंग व दीवार लेखन जगह-जगह देखने को मिल रहे हैं। कुछ लोग तो जोरशोर से ये दावा कर रहे हैं कि भाजपा से प्रत्याशी वह ही बनाये जायेंगे। उन्हें ये नहीं पता कि भाजपा हमेशा चैंकाने वाले को ही प्रत्याशी बनायेगी। सम्भव है कि भाजपा ऐसा प्रत्याशी ले आये, जो दूसरे दल का नेता हो या तो भाजपा किसी अन्य जिले के व्यक्ति को प्रत्याशी घोषित कर सकती है। इसके बाद भी फटा पोस्टर, निकला हीरो की तर्ज पर भाजपा किसी ऐसे शख्श को प्रत्याशी घोषित कर सकती है, जो बिल्कुल फटेहाल हो।



चौराहे पर लगी होडिर्गें।

# अमेरिका ने पांच सहयोगियों के साथ यमन में हूती के ठिकानों पर हवाई हमला किया



**सना।** संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके पांच सहयोगियों ने गुरुवार को यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमला किया। इन हवाई हमलों में हूती विद्रोहियों को बड़ा नुकसान हुआ है और उनके कई ठिकाने तबाह हो गए हैं। इस हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ सकता है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका ने इन हमलों की पुष्टि की है।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी नेतृत्व वाले हवाई और नौसैनिक हमले नवंबर के बाद से लाल सागर में वाणिज्यिक शिपिंग के खिलाफ दो दर्जन से अधिक हमलों के जवाब में किए गए हैं। पिछले सप्ताह बाइडेन प्रशासन और कई अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों ने हूती विद्रोहियों को चेतावनी भी दी थी।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार रात कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और सहयोगी अपने कर्मियों पर हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे। साथ ही दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण वाणिज्यिक मार्गों में से एक में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी है, "मैं अपने लोगों की सुरक्षा और आवश्यकतानुसार अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य के मुक्त प्रवाह के लिए और उपाय करने में संकोच नहीं करूंगा।" बताया गया है कि हूती ने इस चेतावनी की अनदेखी करते हुए गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान के विरोध में हमले जारी रखने की कसम खाई है। बाइडेन ने कहा कि 2,000 से अधिक जहाजों को लाल सागर में हमलों से बचने के लिए हजारों मील की दूरी तय करने के लिए मजबूर किया गया है, इससे कई हफ्तों की देरी हुई। मंगलवार को अमेरिकी और ब्रिटिश युद्धपोतों ने हूती के बड़े ड्रोन और मिसाइल हमले को रोक दिया।

# जापान ने उत्तर कोरिया पर नजर रखने के लिए रॉकेट एच2ए लॉन्च किया



**टोक्यो।** जापान ने उत्तर कोरिया की सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने और प्राकृतिक आपदाओं पर प्रतिक्रिया में सुधार करने के अपने मिशन पर शुक्रवार को सरकारी खुफिया जानकारी एकत्र करने वाले उपग्रह को ले जाने वाला एक रॉकेट एच2ए लॉन्च किया। यह जानकारी स्थानीय समाचार पत्र जापान टुडे की रिपोर्ट में दी गई।

जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, इसका प्रक्षेपण मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने किया। यह टोक्यो के टोही प्रयास के हिस्से के रूप में ऑप्टिकल कोगाकु-8 उपग्रह को लेकर दक्षिण-पश्चिमी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुआ। यह उपग्रह खराब मौसम में भी तस्वीरें खींच सकता है। 1988 में उत्तर कोरियाई मिसाइल के जापान के ऊपर से उड़ान भरने के बाद जापान ने खुफिया जानकारी एकत्र करने वाला उपग्रह कार्यक्रम शुरू किया था। इसका लक्ष्य संभावित मिसाइल प्रक्षेपणों का पता लगाने और प्रारंभिक चेतावनी देने के लिए 10 उपग्रहों का एक नेटवर्क स्थापित करना है।

जापान टुडे के अनुसार यह प्रक्षेपण अगर उपग्रह को उसकी इच्छित कक्षा में स्थापित कर देता है तो यह इस संशोधन के लिए 42वां सफल प्रक्षेपण होगा। इससे एच2ए की सफलता दर 97.9 प्रतिशत हो जाएगी।

# ओमान की खाड़ी में ईरानी नौसेना ने तेल टैंकर को किया जब्त

**दुबई।** ईरान की नौसेना ने बृहस्पतिवार को ओमान की खाड़ी में एक तेल टैंकर जब्त कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टैंकर जब्त किये जाने से पश्चिम एशिया में जलमार्ग में तनाव और बढ़ने की आशंका है। इस टैंकर को कभी स्वेज राजन के नाम से जाना जाता था और यह एक साल से विवाद में फंसा हुआ था।

अमेरिकी सरकार ने इस टैंकर में मौजूद लगभग दस लाख बैरल ईरानी कच्चे तेल को जब्त कर लिया था।

जानकारी के अनुसार ईरान की नौसेना ने एक तेल टैंकर को जब्त किया है। खबर के अनुसार इसे एक न्यायिक आदेश के तहत जब्त किया गया है।

इसके अनुसार हथियारबंद लोगों के इसमें सवार होने के कुछ घंटे बाद बृहस्पतिवार की दोपहर टैंकर को जब्त किया गया। निजी सुरक्षा कंपनी एंब्रे ने कहा कि चार से पांच हथियारबंद व्यक्ति जहाज पर चढ़े। कंपनी ने कहा कि इसकी पहचान तेल टैंकर सेंट निकोलस के रूप में हुई। इसने कहा कि लोगों ने टैंकर पर चढ़ते समय निगरानी कैमरों को ढक दिया था। सेंट निकोलस को पहले स्वेज राजन नाम दिया गया था, जो यूनानी नौवहन कंपनी एम्पायर नेविगेशन से जुड़ा था।

# जेलेंस्की ने कहा- रूस के साथ जारी रहेगा यूक्रेन का युद्ध, दुश्मन को नहीं देंगे तैयारी करने की छूट

**ताल्लिन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस के साथ यूक्रेन का युद्ध जारी रहेगा, वे दुश्मन को तैयारी करने की छूट नहीं देंगे।

एस्टोनिया की यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने संघर्ष विराम की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि रूस संघर्ष विराम का इस्तेमाल यूक्रेन के सैनिकों के खिलाफ हथियारों को कमी को पूरा करने और सेना को फिर से संगठित करने में करेगा। जेलेंस्की ने कहा, ह्ययूक्रेनी युद्धक्षेत्र में हमलों पर विराम का मतलब युद्ध विराम नहीं होगा।ह्व उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम रूस को फायदा पहुंचाएगा और बाद में हमारे लिए खतरनाक साबित हो सकता है। रूस द्वारा फरवरी 2022 में पूर्ण युद्ध शुरू किये जाने के बाद से सीमित युद्ध विराम के कई बार प्रस्ताव किये गये पर इन पर कभी अमल नहीं किया गया।

जेलेंस्की ने कहा कि रूस को उत्तर कोरिया से तोप के गोले व मिसाइलें, जबकि ईरान से ड्रोन मिल रहे हैं। चार जनवरी को व्हाइट हाउस ने अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा था कि रूस ने उत्तर कोरिया से बैलिस्टिक मिसाइलें हासिल की हैं और वह उन्हें ईरान के रास्ते मंगा रहा है। जेंलेंस्की बाल्टिक देशों के दो दिवसीय दौरे के हिस्से के रूप में एस्टोनिया की राजधानी ताल्लिन पहुंचे थे, जो यूक्रेन के कट्टर समर्थकों में से एक है।

# यूके पोस्ट ऑफिस घोटाला : भारतीय मूल के पोस्टमास्टर बोले, केट मिडलटन ने साथ दिया



**लंदन।** भारतीय मूल के एक बुजुर्ग पूर्व पोस्टमास्टर ने खुलासा किया है कि जब उन पर डाकघर लेखांकन घोटाले में 16,000 पाउंड की चोरी का आरोप लगाया गया था तो राजकुमारी केट मिडलटन और उनके परिवार ने उनका साथ दिया था।

63 वर्षीय हसमुख शिंगादिया ने बर्कशायर के अपर बकलेबरी में स्पार (सुविधा स्टोर) और पोस्ट ऑफिस में मिडलटन परिवार की सेवा की, जहां केट और उनकी बहन पिप्पा पली-बढ़ीं।

शिंगादिया को 2010 में एक घोटाले के कारण निलंबित कर दिया गया था, जिसमें पूरे ब्रिटेन में सैकड़ों डाकघर प्रबंधकों पर एक सॉफ्टवेयर गड़बड़ी के कारण चोरी और धोखाधड़ी का गलत आरोप लगाया गया था।

द सन के अनुसार, शाही रोमांस के शुरूआती वर्षों के दौरान शिंगादिया राजकुमारी, उसकी बहन और यहां तक कि प्रिंस विलियम को मिठाइयां परोसते थे।

अब दादा बन चुके शिंगादिया ने कहा कि राजकुमारी केट, जिन्होंने 9 जनवरी को अपना 42वां जन्मदिन मनाया था और उनके परिवार ने उनकी सजा के बाद भी उनके स्पार और पोस्ट ऑफिस में आना-जाना जारी रखा।

मुश्किल दौर के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, "हर किसी ने ऐसा नहीं किया और कुछ स्थानीय लोगों ने मुझसे दूरी बना ली।" उन्हें 2011 में शाही शादी में भी अपनी पत?नी चंद्रिका के साथ आमंत्रित किया गया था। उन्होंने द सन को बताया, "यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। यह जीवन में एक बार मिलने वाला सुअवसर था जो उन्होंने आरोप लगने के बावजूद मुझे दिया।" उन्होंने कहा, "उन्होंने हमारे लिए जैसा किया, वह जबरदस्त था। मैं उन्हें 25 साल से अधिक समय से जानता हूं और वे हमेशा दयालु और स्वागत करने वाले लोग रहे हैं।"

2021 में अपील अदालत में उनके नाम को मंजूरी मिलने के बाद माइकल मिडलटन (केट के पिता) बहुत खुश हुए और कहा, "बहुत बढ़िया"।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# विदेश मंत्री का दावा- भारतीय परियोजनाओं की वजह से नेपाली युवाओं के पलायन में आई कमी



**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने दावा किया है कि भारत के सहयोग से बन रही परियोजनाओं के कारण विदेश पलायन होने वाले नेपाली युवाओं की संख्या में कमी आई है। उन्होंने कहा कि 6000 मेगावाट से अधिक की पंचेश्वर परियोजना और रक्सौल-काठमांडू रेलवे परियोजना की शुरूआत होते ही पलायन होने वालों की संख्या में भारी गिरावट आएगी। बैतडी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री साउद ने कहा कि रोजगार के अवसर में कमी के कारण ही देश के युवा विदेश पलायन को मजबूर होते हैं। भारत के आर्थिक सहयोग से निमार्णाधीन अरूण थर्ड, अरूण सेकेंड, लोवर अरूण, वेस्ट सेती, अपर कणार्ली जैसी बड़ी जलविद्युत परियोजना से नेपाल के हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार का मौका मिला है। विदेश मंत्री ने कहा कि देश में ही बड़ी परियोजनाएं चलने से युवाओं को देश में ही रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, इसलिए उनके विदेश पलायन में कमी आई है। साउद ने कहा कि परिवार का पेट भरने के लिए युवा विदेश जाने को मजबूर होते हैं और सबसे अधिक कष्ट तब होता है जब उधर से बक्से में बन्द होकर उनका शव आता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि युवाओं को देश में ही रोजगार का अवसर दिलाये। विदेश मंत्री साउद ने दावा किया कि भारत के सहयोग से नेपाल में सबसे बड़ी जलविद्युत पंचेश्वर परियोजना शुरू होने वाली है। इसके शुरू होते ही नेपाल की आर्थिक व्यवस्था का कायाकल्प हो जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि साढ़े छह हजार मेगावाट की परियोजना में कम से कम 10 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन करने की क्षमता है। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत के सहयोग से जल्द ही बिहार के रक्सौल से काठमांडू तक रेलवे प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास होने वाला है। उन्होंने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेंगे। उन्होंने विदेश पलायन के बारे में विचार कर रहे युवाओं से आग्रह किया कि वो देश में सृजित होने वाले रोजगार के अवसर को लेकर धैर्य रखें।

# मेक्सिको के पास 18 वर्षों के लिए पर्याप्त तेल भंडार : राष्ट्रपति



**मेक्सिको सिटी।** राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुएल लोपेज ओब्रेडोर ने कहा कि उनके प्रशासन के नेतृत्व में तेल खोज कार्य की बदौलत मेक्सिको के पास अगले 18 वर्षों की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त तेल भंडार है।

उन्होंने गुरुवार को अपने सामान्य दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मैं रिपोर्ट कर सकता हूं कि हमारे पास पर्याप्त तेल भंडार है और छह साल के तीन कार्यकाल के लिए हमें तेल की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।"

शन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के हवाले से राष्ट्रपति ने कहा, "हमने अन्वेषण में निवेश किया और हम भाग्यशाली थे, हमें जमीन पर और उथले पानी में बहुत अच्छे क्षेत्र मिले, और वहां महत्वपूर्ण तेल क्षमता है।"

उन्होंने कहा, दिसंबर 2018 में उनके पदभार संभालने के बाद से, राज्य के स्वामित्व वाली तेल कंपनी पेट्रोलियोस मेक्सिकनोस (पेमेक्स) ने विदेशों में कच्चे तेल की बिक्री पर कम निर्भर रहने और रिफाइनिंग की ओर अधिक झुकाव करने के लिए अपने बिजनेस मॉडल में बदलाव देखा है।

लोपेज ओब्रेडोर ने कहा कि 2024 में, पेमेक्स का 80 प्रतिशत राजस्व घरेलू बाजार से प्राप्त होने की उम्मीद है, मुख्य रूप से देश की मौजूदा रिफाइनरियों को आधुनिक बनाने और अधिक ईंधन आत्मनिर्भर बनने के लिए ईंधन की बिक्री से। उन्होंने कहा, "यह तेल नीति में आमूल-चूल बदलाव है।"

# अमेरिका में चीनी राजदूत ने सह-अस्तित्व के उचित तरीके पर जोर दिया



**बीजिंग।** अमेरिका में चीनी राजदूत श्ये फंग ने अमेरिका के जॉर्जिया स्टेट के अटलांटा शहर में स्थित कार्टर सेंटर में आयोजित चीन-यूएस राजनयिक संबंधों की स्थापना की 45वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठी में भाग लिया।

अपने भाषण के दौरान, उन्होंने चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संबंधों की नींव के रूप में आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और पारस्परिक जीत सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच संबंधों में पिछले 45 वर्षों में उतार-चढ़ाव आया है और यह आज दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंध बन गया है। इससे दोनों देशों के नागरिकों के कल्याण में सुधार हुआ है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे शांति, स्थिरता और समृद्धि में योगदान मिला है। श्ये फंग ने चार प्रमुख पहलुओं से चीन-अमेरिका संबंधों पर अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया: पहला, शीत युद्ध की मानसिकता को त्यागें और सही आपसी समझ स्थापित करें। दूसरा, संघर्षों और मतभेदों को प्रबंधित करें और चीन-अमेरिका संबंधों की सही दिशा को समझें। तीसरा, सामान्य हितों पर ध्यान केंद्रित करें और बातचीत व सहयोग को मुख्य स्वर बनाएं। और, चौथा, बाधाओं को दूर करें और मानविकी व सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दें। बता दें कि इस संगोष्ठी का आयोजन कार्टर सेंटर, यूएस-चीन संबंधों पर राष्ट्रीय समिति, यूएस-चीन व्यापार परिषद और फूतान विश्वविद्यालय में अमेरिकी अध्ययन केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है, जिसमें चीन और अमेरिका के विभिन्न जगतों के 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया।